उज्जैन
शुक्रवार
23
जनवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-82
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

वसंत पंचमी

## मोदी का आज दो चुनावी राज्यों का दौरा, केरल में 4 ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी शुक्रवार को दो चुनावी राज्यों केरल और तमिलनाडु का दौरा करेंगे। पीएम सुबह केरल जाएंगे।



तिरुवनंतपुरम में कई प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन और शिलान्यास करेंगे। पीएम यहां चार ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाएंगे। जिसमें 3 अमृत भारत एक्सप्रेस और एक पैसेंजर ट्रेन शामिल है। दोपहर बार प्रधानमंत्री तमिलनाडु पहुंचेंगे। यहां से एनडीए के चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे। मोदी मदुरंथकम में एक बड़ी चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। यह जगह चेन्नई से करीब 87 किलोमीटर दूर है। पीएम मोदी की यह रैली डीएमके के खिलाफ एक बड़ा शक्ति प्रदर्शन मानी जा रही है।

## अहमदाबाद प्लेन क्रैश- विमान में पहले से खराबी थी

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में 12 जून 2025 को क्रैश हुए एअर इंडिया के बोइंग 787 विमान में पहले से कई गंभीर तकनीकी दिक्कतें थीं। चार साल पहले प्लेन में आग भी लगी थी। अमेरिका स्थित फाउंडेशन फॉर एविएशन सेफ्टी ने दावा किया है कि विमान में इलेक्ट्रिकल सिस्टम फेल होने से एक के बाद एक कई सिस्टम बंद हुए। हो सकता है कि यही हादसे की वजह बना हो। विमान टेकऑफ के कुछ ही सेकेंड बाद अहमदाबाद के रिहायशी इलाके में गिर गया था। इस हादसे में 270 लोगों की मौत हुई थी। सिर्फ एक शख्स जिंदा बचा था। एफएएस के मुताबिक, यह बोइंग 787 विमान 2014 से उड़ानों में इस्तेमाल हो रहा था। व्हिसलब्लोअर के दस्तावेजों के आधार पर संगठन का दावा है कि विमान में शुरूआत से ही बार-बार तकनीकी और सिस्टम से जुड़ी समस्याएं सामने आईं।

## ब्राजील के राष्ट्रपति फरवरी में भारत आएंगे, पीएम मोदी और लूला के बीच तीसरी बातचीत

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने



ग्लोबल साउथ के हितों को आगे बढ़ाने और ट्रम्प प्रशासन की आर्थिक नीतियों से निपटने पर चर्चा की। पीछले छह महीने में यह पीएम मोदी और लूला के बीच तीसरी बातचीत है। मोदी से बातचीत के बाद लूला ने एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी कि वे 19 से 21 फरवरी के बीच भारत दौरे पर रहेंगे। उनके दौरे के दौरान ब्राजील-भारत बिजनेस फोरम आयोजित किया जाएगा। साथ ही नई दिल्ली में एपेक्स ऑफिस का उद्घाटन भी किया जाएगा, जिससे व्यापार और निवेश सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

## दिल्ली-पुणे इंडिगो फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

**पुणे।** दिल्ली से पुणे आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6ए-2608 को गुरुवार शाम बम की धमकी मिली। पुणे एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने विमान की पूरी जांच की, लेकिन कोई विस्फोटक या बरामद नहीं हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, फ्लाइट का निर्धारित समय शाम 8:40 बजे था, लेकिन विमान 9:24 बजे पुणे एयरपोर्ट पर उतरा। 9:27 बजे फ्लाइट को पार्क किया गया। इसके बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने बम की धमकी की सूचना एप्रन कंट्रोल को दी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फ्लाइट के टॉयलेट में टिशू पेपर पर हाथ से लिखा नोट मिला, जिसमें फ्लाइट में बम होने बात लिखी थी। फ्लाइट को आइसोलेशन पार्किंग में शिफ्ट किया गया।

# बसंत पंचमी पर महाकाल मंदिर से होली की शुरूआत

### पीले पुष्प, पंचामृत अभिषेक और गुलाल अर्पण के साथ बाबा महाकाल का दिव्य श्रृंगार

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

बसंत पंचमी पर्व की शुरूआत शुक्रवार को भगवान महाकाल के आंगन से हुई। महाकाल मंदिर में पीले वस्त्रों और पुष्पों के साथ भगवान को गुलाल अर्पित किया गया। महाकाल मंदिर के आंगन से ही बसंत पंचमी पर्व पर गुलाल अर्पित कर होली पर्व की शुरूआत भी मानी जाती है। आज से प्रतिदिन होली तक भगवान को गुलाल अर्पित किया जाएगा।



बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक विश्व-प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में बसंत पंचमी पर्व पर तड़के चार बजे मंदिर के कपाट खोले गए। इसके बाद भगवान महाकाल को जल से स्नान कराया गया। दूध, दही, घी, शहद और फलों के रस से बने पंचामृत से बाबा महाकाल का अभिषेक-पूजन किया गया। इस दौरान भगवान को पीले पकवानों का भोग भी अर्पित किया गया।

बसंत पंचमी के पावन पर्व पर बाबा महाकाल का राजा स्वरूप में श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर भगवान के मस्तक पर त्रिपुंड और चंद्र के साथ पुष्प अर्पित किए गए। भस्म आरती के दौरान महाकाल का भांग, चंदन, सिंदूर एवं आभूषणों से श्रृंगार किया गया।

मस्तक पर रत्नजड़ित तिलक, रजत मुकुट, रजत की मुंडमाला एवं रजत जड़ी रुद्राक्ष की माला के साथ सुगंधित पुष्पों की माला अर्पित की गई। फल एवं मिष्ठान का भोग लगाया गया।

## राजस्थान-यूपी में बारिश

### शिमला-मनाली में सीजन की पहली बर्फबारी

### एयरपोर्ट पर बर्फ, कई फ्लाइट्स कैंसिल



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ देहरादून

उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने से मौसम बदल गया है। राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में देर रात से बारिश हो रही है। तेज हवाएं चल रही हैं। इससे कई जिलों में तापमान घट गया है। हिमालय के राज्यों में भी बारिश-बर्फबारी का एक और दौर शुरू हो गया है। हिमाचल के शिमला-मनाली में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। इससे साढ़े तीन महीने से चल ड्राई स्पेल खत्म हो गया है। जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में बर्फबारी का दौर जारी है। शुक्रवार को श्रीनगर में बर्फबारी के कारण, फ्लाइट ऑपरेशन अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। श्रीनगर-जम्मू हाईवे बंद है। नवयुग टनल के पास ट्रैफिक रोक दिया गया है। मुगल, सिंथन और एसएसजी सड़कें भी बंद हैं।

## दूसरे टी-20 में अक्षर पटेल का खेलना मुश्किल

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ रायपुर

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच टी-20 मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला आज रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में खेला जाएगा। टॉस शाम 6:30 बजे होगा और मैच 7:00 बजे से शुरू होगा। टीम इंडिया पहले वनडे में जीत के साथ सीरीज में 1-0 से आगे है।

पहले मैच में चोटिल हुए स्पिन-ऑलराउंडर अक्षर पटेल का आज का मुकाबला खेलना मुश्किल माना जा रहा है। ऐसे में भारतीय टीम की प्लेइंग-क में बदलाव तय है। अगर टीम मैनेजमेंट पिच को ध्यान में रखता है, तो चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव को मौका मिल सकता है। रायपुर की पिच पर गेंद पुरानी होने के साथ स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है। टीम इंडिया ने 53% मैच जीते भारतीय टीम हेड टु हेड रिकॉर्ड में न्यूजीलैंड से आगे है। टीम ने 48% मैच जीते हैं, जबकि 53% मैच गंवाए हैं। दोनों टीमों के बीच अब तक 28 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले गए हैं। इनमें से 15 मैच भारतीय टीम ने जीते, जबकि कीवियों ने 10 जीते हैं। 2 मैच का रिजल्ट नहीं निकल सका और 1 मैच टाई रहा।

### हिटलर के बाद सबसे ताकतवर सेना बनाने में जुटा जर्मनी

## युवाओं को 2.5 लाख महीने का ऑफर

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ बर्लिन

**ट्रम्प का धोखा और पुतिन से डर इसकी वजह**

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जर्मनी ने लंबे समय तक सैन्य ताकत से दूरी बनाए रखी, लेकिन अब उसने सेना पर खर्च बढ़ा दिया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक जर्मन सरकार यूरोप की सबसे ताकतवर सेना बनाने के मिशन पर निकल चुकी है। युवाओं को सेना में लाने के लिए करीब 2.5 लाख महीने तक का ऑफर दिया जा रहा है। रूस के बढ़ते खतरे और ट्रम्प के दौर में अमेरिका से टूटते भरोसे ने जर्मनी को यह एहसास दिला दिया है कि अब अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी उसे खुद ही उठानी होगी। रिपोर्ट के मुताबिक इस साल की शुरूआत से ही जर्मनी में 18 साल के लड़कों को एक जरूरी फॉर्म भेजा जा रहा है। इसमें उनसे पूछा जा रहा है कि वे सेना में जाने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से कितने सक्षम हैं। यह नियम पिछले महीने पास हुए एक नए कानून के बाद लागू किया गया है। वहां पर सेना में भर्ती होना स्वैच्छिक (इच्छा से) है, लेकिन नया कानून सरकार को यह अधिकार देता है कि अगर जरूरत पड़ी तो जरूरी सैन्य सेवा भी लागू की जा सकती है।

### बिजली की दरों में 10.19 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रस्ताव

# उपभोक्ताओं से दस साल पुराने बिजली खर्च को वसूलने की तैयारी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन में भी बिजली वितरण कंपनी (डिस्कॉम) ने 2026-27 के लिए बिजली की दरों में 10.19 प्रतिशत की बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया है। यह बढ़ोतरी ऐसे समय में आई है जब मप्र में बिजली पहले से ही पड़ोसी राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़ और गुजरात से महंगी है।

दरअसल, प्रदेश की बिजली वितरण कंपनियों ने वर्ष 2014-15 से 2022-23 के बीच के दस साल पुराने बिजली खर्च को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग में याचिका दायर की है। इस याचिका में कुल 3,450.63 करोड़ रुपए की वसूली की अनुमति मांगी गई है। यह याचिका एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के माध्यम से राज्य की तीनों वितरण कंपनियों-पूर्व, मध्य और पश्चिम डिस्कॉम की ओर से दाखिल की गई है। डिस्कॉम का तर्क है कि यह राशि



बिजली बनाने वाली कंपनियों (जनरेटरों) को पहले ही चुकाई जा चुकी है, लेकिन पुराने ट्रू-अप आदेशों में इसे पूरी तरह मंजूरी नहीं मिल पाई थी।

बिजली दरों में यह प्रस्तावित बढ़ोतरी हाल के वर्षों में सबसे बड़ी बढ़ोतरी में से एक है। हालांकि, नियामक आयोग उपभोक्ताओं से सुझाव और आपत्तियां मांगेगा और सार्वजनिक सुनवाई करेगा। इसके बाद ही अंतिम फैसला लिया जाएगा। पिछले वर्षों में, आयोग ने डिस्कॉम द्वारा मांगी गई बढ़ोतरी से कम वृद्धि को मंजूरी दी है। अगर यह बढ़ोतरी मंजूर हो जाती है, तो एक सामान्य शहरी मध्यमवर्गीय परिवार, जो एक एसी, फ्रिज, पंखे, लाइट और टीवी का उपयोग करता है और लगभग 400 यूनिट बिजली हर महीने खर्च करता है, उसका मासिक बिल लगभग 3,550 रुपये हो जाएगा। यह वर्तमान बिल से लगभग 300 रुपये अधिक है, यानी सालाना लगभग 3,600 रुपये की बढ़ोतरी। यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हो रही है जब लोगों के घर का बजट पहले से ही तंग है। जिन खर्चों की अब वसूली मांगी जा रही है, वे अनुपूरक (सप्लीमेंट्री) बिजली बिल हैं। ये बिल बिजली उत्पादक कंपनियों ने कई साल बाद भेजे। इनका कारण केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग के संशोधित टैरिफ आदेश, कानून में बदलाव, टैक्स और ड्यूटी में परिवर्तन, आयकर से जुड़े समायोजन और खातों के अंतिम रूप से बंद होने के बाद सामने आए दावे बताए गए हैं। डिस्कॉम्स का कहना है कि ये सभी खर्च ऑडिटेड खातों में दर्ज हैं और वास्तविक हैं। हालांकि, संबंधित वर्षों के ट्रू-अप के दौरान आयोग ने कुछ दावों को यह कहते हुए स्वीकार नहीं किया कि इन्हें अलग से याचिका में लाया जाए।

ब्रह्मास्त्र
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर



एक वितरित दो और कैलेंडर
जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के
नि:शुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ नि:शुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## खबर एक नजर...

### मकर संक्रांति पर छत से गिरे युवक की हुई मौत

**उज्जैन।** मकर संक्रांति पर पतंगबाजी करते समय छत से गिरे युवक की 8 दिन बाद गुरुवार को निजी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा है। देवासगेट थाना क्षेत्र के बहादुरगंज में 14 जनवरी की शाम दोस्त की छत से पतंगबाजी करते समय मनीष पिता लक्ष्मण पंवार 29 साल गिर गया था। तीन मंजिला मकान से गिरने पर उसे सिर में गंभीर चोंट लगी थी। दोस्त उसे चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर होना बताई थी। मनीष को परिजन उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां 8 दिन चले उपचार के बाद गुरुवार दोपहर को मनीष की मौत हो गई। घटनाक्रम के बाद देवासगेट थाना पुलिस ने मामला जांच में लिया था। मौत की खबर सामने आने के बाद मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है।

### कमरे में फंदे पर लटका मिला युवक

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के उंडासा मार्ग पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास विजयनगर में रहने वाले लक्ष्मीनारायण उर्फ लक्की पिता मांगीलाल पंवार 35 साल ने गुरुवार शाम फांसी लगा ली। कमरे में फंदे पर शव लटका देख परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव फंदे से उतार चरक अस्पताल पहुंचाया। मामले में मर्ग कायम किया गया है। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। संभावना जताई जा रही है कि पारिवारिक विवाद के चलते लक्ष्मीनारायण ने आत्मघाती कदम उठाया है। थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया के अनुसार घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों के बयान दर्ज किये जायेंगे।

### ट्रेलर चालक ने तोड़ा था यातायात पोल, केस दर्ज

**उज्जैन।** शास्त्रीनगर क्षेत्र में लगा यातायात का पोल 11 जनवरी को क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके चलते पोल पर लगी बत्ती, कैमरे और कंट्रोल मशीन भी क्षतिग्रस्त हुई थी। मामले की शिकायत नवनीत पिता महेश यादव निवासी शास्त्रीनगर ने नीलगंगा थाना पुलिस को दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच के 10 दिन बाद बुधवार रात ट्रेलर क्रमांक एमपी 13 झेड एच 9368 के चालक पर बीएनएस की धारा 281 का प्रकरण दर्ज कर लिया।

### 410 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ाये तस्करों को भेजा जेल

**उज्जैन।** एसटीएफ टीम द्वारा 19 जनवरी को आगररोड स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पास लवखेड़ी हनुमान मंदिर के पास से क्रेटा कार क्रमांक एमपी 13 झेड टी 2343 में मादक पदार्थ स्मैक की खरीद-फरोख्त करते अभिषेक सोनकर, अजय प्रजापति निवासी जबलपुर और जयदीप परिहार निवासी आलोट रतलाम को गिरफ्तार कर 410 ग्राम स्मैक 41 लाख की बरामद की थी। तीनों को पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया था। गुरुवार को रिमांड खत्म होने पर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। एसटीएफ उपपुलिस अधीक्षक योगेन्द्र यादव ने बताया कि तीनों से महत्वपूर्ण सुराग मिले है। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई जारी रखी जायेगी।

### कुख्यात बदमाश के साथ मिलकर मारे थे चाकू

**उज्जैन।** देवासगेट थाना एसआई राधेश्याम आवलिया ने बताया कि पंवासा थाना पुलिस की गिरफ्त में आया बदमाश राकेश उर्फ जटा कुख्यात बदमाश छैनू का साथी है। 16 अगस्त 2025 को उसने कुख्यात बदमाश और उसकी पत्नी के साथ मिलकर रेलवे स्टेशन पर चाय का ठेला लगाने वाले शाहरुख पठान पर चाकू से जानलेवा हमला किया था। उसके बाद से राकेश फरार चल रहा था। उसके कुख्यात साथी छैनू और उसकी पत्नी गिरफ्तारी कर ली गई थी, जिन्हे जेल भेजा गया था। राकेश की गिरफ्तारी नहीं होने पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। रिमांड अवधि में चाकू बरामद करने का प्रयास किया जायेगा।

---

### कांग्रेस ने उज्जैन में जताया विरोध, हजारों नाम हटाने का दावा

# वोटर लिस्ट पुनरीक्षण में गड़बड़ी का आरोप

## तराना विधायक महेश परमार के नेतृत्व में एक कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने संकुल भवन स्थित कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी को इस पूरी प्रक्रिया पर आपत्ति दर्ज कराई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश में चल रही मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया पर उज्जैन में सियासत गरमा गई है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि इस प्रक्रिया की आड़ में चुनिंदा रूप से कांग्रेस विचारधारा से जुड़े मतदाताओं के नाम सूची से काटे जा रहे हैं।

गुरुवार को तराना विधायक महेश परमार के नेतृत्व में एक कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने संकुल भवन स्थित कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी को इस पूरी प्रक्रिया पर आपत्ति दर्ज कराई। इस दौरान नागदा के पूर्व विधायक दिलीप गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



महेश परमार ने आरोप लगाया कि उज्जैन जिले की सभी विधानसभा सीटों नागदा-खाचरौद, महिदपुर, तराना, घट्टिया, बड़नगर, उज्जैन उत्तर और उज्जैन दक्षिण में हजारों वैध मतदाताओं के नाम फॉर्म-7 के माध्यम से बिना समुचित जांच के हटाए जा रहे हैं।

परमार ने दावा किया कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर फॉर्म भरवाए गए थे, जिसकी एक प्रति मतदाता के पास और दूसरी बीएलओ के पास है। इसके बावजूद फर्जी आपत्तियां लगाकर नाम हटाए जा रहे हैं। उन्होंने इसे लोकतंत्र पर सीधा हमला बताया।


महेश परमार ने आगे दावा किया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 15 से 20 हजार कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के नाम हटाने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने बताया कि कई मामलों में एक साथ तीन-चार नामों पर आपत्ति दर्ज कराई जा रही है, जबकि आपत्ति दर्ज कराने वाला व्यक्ति सत्यापन के समय उपस्थित नहीं होता।

पूर्व विधायक दिलीप गुर्जर ने कहा कि सैकड़ों लोग एसडीएम कार्यालय गए थे और उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। उन्होंने सवाल उठाया कि अब भारतीय जनता पार्टी के लोग इन नामों को क्यों चुनौती दे रहे हैं। गुर्जर ने निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि ऐसा न होने पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

---

### पांच सबसे ज्यादा गर्म शहरों में उज्जैन

# दिन-रात के तापमान में 14.5 डिग्री का अंतर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जनवरी के आखिरी दिनों में पारा चढ़ने लगा है। कोहरा विदाई के दौर में है, जबकि सर्द हवा का दायरा सिमटने लगा है। गुरुवार को दिन और रात के तापमान में 14.5 डिग्री का अंतर रहा। प्रदेश के पांच सबसे ज्यादा गर्म शहरों में उज्जैन भी शामिल रहा।

जीवाजी वेधशाला के अनुसार गुरुवार को अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री रहा, जो कि बुधवार के 28 डिग्री से 0.5 डिग्री ज्यादा है। इसी तरह न्यूनतम तापमान 13.8 डिग्री रहा, जो कि बुधवार के न्यूनतम तापमान 12 डिग्री से 1.8 डिग्री अधिक है। आर्द्रता सुबह 89 और शाम को 41 फीसदी रही। हवा की रफ्तार सुबह शून्य और शाम को 8 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई।

प्रदेश के यह पांच शहर सबसे ज्यादा तपे 24 घंटे में प्रदेश के पांच सबसे ज्यादा तपने वाले शहरों में उज्जैन भी शामिल रहा। मौसम विभाग के अनुसार इस अवधि में मंडला में 29.0 डिग्री, उज्जैन में 28.5, नर्मदापुरम में 28.4, निवाड़ी में 27.9 और रायसेन में 27.8 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

---

# रीगल टॉकीज की भूमि खोदते ही निकला पानी

## अब मिट्टी की जांच के बाद काम होगा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गोपाल मंदिर क्षेत्र स्थित रीगल टॉकीज की भूमि पर बनने वाला नया कमर्शियल कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए खुदाई के दौरान पानी मिलने से एक हफ्ते से निर्माण कार्य रुक गया है। कॉम्प्लेक्स का भूमि पूजन हुए 4 माह हो गए हैं, लेकिन किसी न किसी कारण के चलते कार्य प्रभावित हो रहा है।

पहले यहां दुकानों के विस्थापन मामले के चलते प्रोजेक्ट रुका था। फिलहाल 10 से 12 फीट नीचे गड्ढा खोदते ही पानी दिखाई दिया और निर्माण कार्य रोकना पड़ा। भूमि में ऊपरी स्तर पर जल संरक्षित है, जिसके चलते निगम द्वारा शुक्रवार को मिट्टी की जांच कराई जाएगी, ताकि नमी और पानी के स्तर का पता चल सके। इस आधार पर भवन का स्ट्रक्चर डिजाइन बदला जा सकता है। साथ ही तय होगा कि निर्माण में कितनी देर लगेगी और क्या बदलाव होंगे।

**पूरा प्रोजेक्ट ऐसा-** करीब 36,000 वर्गफीट भूमि पर सिंहस्थ मद से 25.14 करोड़ से दो बेसमेंट वाली पार्किंग और कॉम्प्लेक्स बनना है। इसमें 45 नई दुकानों का निर्माण प्रस्तावित है, जिनमें पूर्व के 35 दुकानदारों को भी दुकानें मिलेंगी। परिसर में 92 चौपहिया और 70 दोपहिया की पार्किंग होगी। परियोजना 24 माह में पूरा करने का लक्ष्य है।

---

# कॉमर्स डिपार्टमेंट के वाटर कूलर में चल रही थी छिपकली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की अध्ययनशालाओं में साफ पानी की व्यवस्था को लेकर एनएसयूआई के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कई अध्ययनशालाओं में जाकर स्थिति देखी। इस दौरान कुछ विभागों में वाटर कूलर बंद या खराब स्थिति में मिले। वहीं कॉमर्स डिपार्टमेंट के वाटर कूलर में छिपकली चलती हुई दिखाई दी। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष हिमांशु शर्मा के साथ एनएसयूआई के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित अध्ययनशालाओं में पहुंचकर वाटर कूलर की स्थिति देखी और पानी भी चैक किया।

शर्मा ने बताया हिस्ट्री डिपार्टमेंट में विद्यार्थियों के लिए वाटर कूलर ही नहीं मिला। वहीं अर्थशास्त्र अध्ययनशाला में वाटर कूलर बंद मिला। फॉमेर्सी डिपार्टमेंट में एक वाटर कूलर में गंदा और बदबूदार पानी भरा हुआ था। वहीं कुछ विभागों में वाटर कूलर बंद स्थिति में रखे हुए मिले। सभी कार्यकर्ता उस समय चौंक उठे, जब वाग्देवी भवन स्थित कॉमर्स डिपार्टमेंट का वाटर कूलर का ढक्कन उठाया। ढक्कन उठाते ही वाटर कूलर में एक छिपकली नजर आई, जो पानी के ऊपर ही चल रही थी। कार्यकर्ताओं ने इसका वीडियो बनाया और इसकी जानकारी विभाग के एचओडी डॉ. एसके भारल को दी, लेकिन डॉ. भारल का जवाब सुन मौजूद एनएसयूआई कार्यकर्ता चकित रह गएडॉ. भारल बोले कि हमारे डिपार्टमेंट में सभी विद्यार्थी अपनी-अपनी पानी की बोतल साथ लेकर आते हैं। इस बारे में जब डॉ. भारल से चर्चा की तो उन्होंने अपना कथन स्वीकार करते हुए कहा कि वाटर कूलर का मामला संज्ञान में आया है। उसे ठीक करवाया जाएगा। इस दौरान एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष शर्मा के अलावा विश्वविद्यालय अध्यक्ष तरुण परिहार, जिला उपाध्यक्ष मयंकसिंह राजपूत, लकी शर्मा, पीयूष चौहान, साहिल जायसवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उज्जैन
शुक्रवार
23
जनवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

भज गोविन्दं भज गोविन्दं, गोविन्दं भज मूढ़मते।
संप्राप्ते सन्निहिते काले, न हि न हि रक्षति डुकृञ् करणे॥
अर्थः हे मोह से ग्रसित बुद्धि वाले मित्र, गोविंद को भजो, गोविन्द का नाम लो, गोविन्द से प्रेम करो क्योंकि मृत्यु के समय व्याकरण के नियम याद रखने से आपकी रक्षा नहीं हो सकती है।

## खबर एक नजर...

### दृष्टि देवकॉन के डायरेक्टर्स सहित पांच के खिलाफ केस दर्ज

**इंदौर।** टीएंडसीपी को गलत जानकारी देकर लेआउट मंजूर कराकर प्लॉट धारकों से धोखाधड़ी करने के मामले में राज्य आर्थिक अपराध अनुसंधान ब्यूरो दृष्टि देवकॉन प्रा. लि. के डायरेक्टर्स सहित पांच के खिलाफ धोखाधड़ी करने के मामले में एफआईआर दर्ज की है। ईओडब्ल्यू द्वारा ग्राम पिपल्या लोहार और खड़राखेड़ा इंदौर में डेवलप की जा रही गिरीराज कॉलोनी के संबंध में गलत जानकारी देकर अवैध लेआउट अनुमोदन कराकर प्लॉट धारकों से धोखाधड़ी करने की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई है। मामले में दृष्टि देवकान प्रालि. के डायरेक्टर शैलेष पिता श्री शिवनारायण माहेश्वरी, विनोद पिता रामस्वरूप माहेश्वरी, कुंवर सिंह पिता अमर सिंह और राजू पिता अमर सिंह पंवार और माया पति सालगराम राजपूत सभी निवासी पुखराज कार्पोरेशन, नवलखा बस स्टैंड के सामने, इंदौर हैं। मामले में शिकायतकर्ता मे. सुन्दरम रियल इंफ्रा प्रा. लि. के डायरेक्टर पवन नारंग द्वारा आरोप लगाया गया कि दृष्टि देवकान प्रा.लि. के डायरेक्टर शैलेष माहेश्वरी और अन्य भूमि स्वामियों द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय को भ्रामक जानकारी देकर प्रस्तावित कॉलोनी के लेआउट में उत्तर दिशा में 9 मीटर चौड़ा पहुंच मार्ग दर्शाया गया, जबकि वास्तविक स्थल पर मात्र 8-10 फीट चौड़ा मार्ग ही उपलब्ध है।

### गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह नेहरू स्टेडियम में होगा, 13 से ज्यादा झांकियां होंगी शामिल

**इंदौर।** इंदौर में गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। 26 जनवरी को सुबह 9 बजे नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ध्वजारोहण करेंगे। कलेक्टर शिवम वर्मा ने अधिकारियों के साथ नेहरू स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया और सभी कार्य समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्य समारोह में विभिन्न प्लाटून द्वारा परेड प्रस्तुत की जाएगी। राज्य शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों पर आधारित 13 से अधिक झांकियां निकाली जाएंगी। खजराना गणेश मंदिर, जिला पंचायत, नगर निगम, इंदौर विकास प्राधिकरण, उद्योग, जेल, महिला एवं बाल विकास, आदिम जाति कल्याण, सामाजिक न्याय, वन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और उद्यानिकी विभाग सहित अन्य विभाग झांकियों में शामिल रहेंगे। समारोह स्थल पर आकर्षक साज-सज्जा की जाएगी। स्वतंत्रता सेनानियों और लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया जाएगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### उम्र 70, फुर्ती युवाओं जैसी अपने सटीक शॉट से 6 खिलाड़ी नेशनल क्वालीफाई

**इंदौर।** खेल प्रशाल में राज्य रैंकिंग वेटरंस टेबल टेनिस प्रतियोगिता में 40 से 70 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन कर साबित कर दिया कि खेल के प्रति लगन उम्र की मोहताज नहीं होती। खिलाड़ियों ने रिफ्लेक्स, सटीक शॉट्स सभी को प्रभावित किया। बड़ी विशेषता उनका अनुभव, अनुशासन और धैर्य रहा, जिसने हर मैच को खास बना दिया। शहर के प्रमोद सोनी, विपिन पंडित, किशोर मोटवानी, विशाल जोशी, मनोज शर्मा, नीता वैष्णव ने खिताबी सफलता के साथ नेशनल के लिए क्वालीफाई किया। 70 वर्षीय प्रमोद सोनी ने बताया कि वह सुबह स्विमिंग के अलावा जिम में एक्सरसाइज करते हैं। शाम को युवा खिलाड़ियों के साथ करीब 2 घंटे प्रैक्टिस करते हैं। वे अपनी डाइट का काफी ध्यान रखते हैं। 65 वर्षीय विपिन पंडित अपने रूटीन को पूरे अनुशासन के साथ फॉलो करते हैं।

---

#### लैब में 8 सैंपल नॉन स्टैंडर्ड निकले, अल्कोहल में घुलनशील अर्क और थिन लेयर फेल

# मानव स्वास्थ्य के लिए घातक निकले आयुर्वेदिक कफ सिरप सैंपल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

पिछले दिनों धरमपुरी सोलसिंदा स्थित रेबिहांस हर्बल प्रा. लि. घर में अवैध तरीके से आयुर्वेदिक कफ सिरप बनाने के मामले में मौके से जो आठ सैंपल लिए गए थे वे सभी जांच में नॉन स्टैंडर्ड निकले हैं। इस मामले में पुलिस ने 20 जनवरी को फैक्ट्री संचालक सुरेंद्र सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया है।

खास बात यह है कि सैंपलों की जांच ग्वालियर की सरकारी लैब में की गई थी। इन सैंपलों में दो चौंकाने वाले तथ्य यह हैं कि इसमें अल्कोहल में घुलनशील अर्क और थिन लेयर क्रोमेटोग्राफी टेस्टिंग में फेल निकले। यानी सिरप में अल्कोहल का जो बेस होता है उसमें घुलने वाले तत्व तो उपयोग किए गए थे वे नॉन स्टैंडर्ड निकले। लैब द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ एनालिसिस में सिरप का घोल थिन (लेयर क्रोमैटोग्राफी) जितना स्टैंडर्ड होना था वह सही नहीं था। इसकी जानकारी ड्रग इंस्पेक्टर (आयुष) द्वारा जारी सर्टिफिकेट में भी दर्ज है। अहम यह कि एफआईआर में इस बात का उल्लेख भी किया गया है कि ड्रग्स एण्ड कॉस्मैटिक एक्ट 1940 के तहत ये नॉन स्टैंडर्ड (बिना उचित मापदंडों के) नियमों के विपरीत जाकर बनाए जा रहे थे। संचालक सुरेंद्रसिंह राजपूत द्वारा यह कृत्य मानव स्वास्थ्य को गंभीर संकट में डालने वाला कृत्य है। इससे जन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होकर सिरप से मानव जीवन पर विपरीत प्रभाव होना स्पष्ट है।



### कंपनियों से टाइअप का दावा भी झूठा निकला

18 दिसंबर को सांवेर एसडीएम घनश्याम धनगर के नेतृत्व में जिला प्रशासन और आयुष विभाग की टीम ने धरमपुरी सोलसिंदा स्थित रेबिहांस हर्बल प्रा. ल. निरीक्षण किया था। यहां 8 से ज्यादा आयुर्वेदिक सिरप बनाए जा रहे थे, लेकिन न तो मौके पर कोई लेबोरेटरी पाई गई और न ही प्रोडक्ट बनाने के लिए निर्धारित कम्पोनेंट की फाइलिंग थी। मौके पर Manomay Live Care Pvt. Ltd. जिकरपुर पंजाब, Rabhians Biotech Pvt Ltd. श्यामपुर, प्रेम नगर देहरादून लिखा था। संचालक से जब इन कंपनियों के टाइअप के दस्तावेज मांगे तो वे उपलब्ध नहीं करा पाए थे।

### सिरप बनाने वाला केमिस्ट बीएससी मैथ्य निकला

चौंकाने वाली बात यह कि सिरप निर्माण केमिस्ट संजय डेविड से जब टीम ने डिग्री मांगी तो उसने बताया कि वह तो बीएसस (मैथ्स) पास है। मौके पर गंभीर अनियमितताओं के साथ फायर सेफ्टी, स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा आदि नहीं पाए गए जिस पर फैक्ट्री को सील किया गया था।

---

#### इंदौर के बाद महू में दूषित पानी से फैली बीमारी

# 25 लोग संक्रमित हुए

### छह बच्चे एक ही परिवार के, 3 अस्पताल में भर्ती, छात्रा नहीं दे पाई परीक्षा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

अभी इंदौर में दूषित पानी से मौतों का सिलसिला थमा भी नहीं है कि अब यहां से करीब 20 से 25 किमी दूर महू में दूषित पानी पीने से लोग पीलिया जैसी बीमारियों की चपेट में आ गए हैं।

यहां के पत्ती बाजार और मोती महल इलाके में 10 से 15 दिन में करीब 25 लोग संक्रमित हो चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा बच्चे शामिल हैं।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, चंदर मार्ग से शुरू हुई गंदे पानी की सप्लाई मोती महल तक पहुंच चुकी है। नलों से मटमैला और बदबूदार पानी आ रहा है। इससे बच्चों की सेहत के साथ उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

मिठोरा परिवार के छह बच्चे 11 साल की वाणी से लेकर 19 साल के



भावेश तक कई दिनों से बीमार हैं। वहीं 12वीं की छात्रा अलीना संक्रमण के कारण प्री बोर्ड की परीक्षा नहीं दे सकी। 9 साल की लक्षिता और 12 साल का गीतांश भी पीलिया से जूझ रहे हैं।

मोतीमहल इलाके में हालात और गंभीर हैं। यहां आदर्श (5), कृशु (4) और यथार्थ (10) को हालत बिगड़ने पर रेडक्रॉस अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। बुजुर्ग जगदीश चौहान को लिवर इंफेक्शन के चलते इंदौर रेफर किया गया है।

**रहवासी बोले- लंबे समय से शिकायत कर रहे-** रहवासियों का कहना है कि वे लंबे समय से गंदे पानी की शिकायत कर रहे थे, लेकिन समय रहते कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने बताया कि पेयजल पाइप लाइन नालियों के बीच से गुजर रही है। जगह-जगह लीकेज के कारण नालियों का गंदा पानी पाइप लाइन में मिल रहा है, जिससे नलों से गाद और बदबू वाला पानी आ रहा है। इसी पानी के सेवन से इलाके में बीमारी फैल रही है। लगातार अनदेखी से लोगों में भारी आक्रोश है।

**घर-घर सर्वे कर रही स्वास्थ्य विभाग की टीम-** मामला सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आया है। एसडीएम राकेश परमार और तहसीलदार विवेक सोनी ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर पानी के सैंपल लेकर जांच के निर्देश दिए हैं। महू बीएमओ डॉ. योगेश सिंगारे ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर सर्वे कर रही हैं। फिलहाल तीन बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि अन्य मरीजों का इलाज घर पर चल रहा है।

---

# चाइनीज डोर से कटे सुरों के तार

### 5 घंटे की सर्जरी से युवक की जान तो बची

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

चाइनीज मांजे के कारण गले में कट लगने से 30 साल के युवक के सुर ही बदल गए। डॉक्टरों ने 5 घंटे जटिल सर्जरी कर उसकी जान बचाई। डॉक्टरों के अनुसार उसे पूरी तरह ठीक होने में करीब तीन माह लग सकते हैं। घायल युवक हेमराज चौरसिया है। हेमराज के पिता रवि चौरसिया ने बताया कि हेमराज पेट्रोल पंप पर नाइट ड्यूटी करता है। 14 जनवरी की सुबह करीब 9:30 बजे बेटा तीन इमली ब्रिज से चंदन नगर धार रोड स्थित घर लौट रहा था, तभी चाइनीज मांजे की चपेट में आ गया। गले पर गहरा कट लगते ही खून तेजी से बहने लगा। रवि पेंटर का काम करते हैं।

सर्जरी के बाद हेमराज को 48 घंटे कड़ी निगरानी में रखा गया और चार दिन तक आईसीयू में इलाज चला। 20 जनवरी को उसे अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। फिलहाल उसे सेमी लिक्विड डाइट दी जा रही है। वह न तो ठीक से मुंह खोल पा रहा है और न ही स्पष्ट बोल पा रहा है। उसकी आवाज बदल गई है। खांसने पर टांके टूटने से गुरुवार को दोबारा टांके लगाने पड़े। गंभीर हालत में हेमराज को विशेष जूपिटर हॉस्पिटल लाया गया। सर्जन डॉ. अक्षय शर्मा के अनुसार मरीज की बाईं ओर गर्दन में बड़ा घाव था, जिसमें से लगातार खून बह रहा था।

---

# स्लीपर बसों पर सख्ती बढ़ी: 489 संचालकों को नोटिस, आग से बचाव के सिस्टम लगाएं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

यात्रियों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने इंदौर में स्लीपर बसों पर सख्ती बढ़ा दी है। देश के विभिन्न हिस्सों में हाल के महीनों में स्लीपर बसों में आग लगने और गंभीर हादसों की घटनाओं के बाद इंदौर आरटीओ ने सघन जांच अभियान शुरू किया है। इसके तहत जिले के 489 स्लीपर बस संचालकों को नोटिस जारी कर सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य किया गया है।

परिवहन विभाग ने बस संचालकों को एक महीने की मोहलत देते हुए फायर डिटेक्शन एंड सप्रेशन सिस्टम लगवाने के निर्देश दिए हैं। विभाग के अनुसार लगभग 90 प्रतिशत बस संचालकों ने शपथ पत्र देकर तय समय सीमा में नियमों का पालन करने की सहमति भी जता दी है। आरटीओ ने साफ कर दिया है कि समय सीमा के भीतर निर्देशों का पालन नहीं करने पर संबंधित बसों के खिलाफ परमिट निलंबन सहित सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने बताया कि परिवहन आयुक्त के निर्देशों के तहत स्लीपर बसों में बस बॉडी कोड एआईएस-119 और एआईएस-052 के प्रावधानों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के सभी स्लीपर बस संचालकों और स्वामियों को नोटिस जारी कर सुरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई है। उड़नदस्ते की जांच के दौरान यह राहत की बात सामने आई कि इंदौर में पंजीकृत किसी भी स्लीपर बस में सीट्स के पास स्लाइडर नहीं पाए गए। वहीं जिन बसों में ड्राइवर केबिन के पास पार्टीशन लगे थे, उन्हें भी हटाने पर बस संचालकों ने सहमति जताई है। सभी स्लीपर बसों में 10 किलो क्षमता का ग्रीन जोन अग्निशमन यंत्र, पर्याप्त आपातकालीन द्वार, पैनिक बटन और स्पीड गवर्नर को चालू हालत में रखना अनिवार्य किया है।



### स्लीपर बसों के लिए अनिवार्य सुरक्षा नियम

- परिवहन विभाग द्वारा स्लीपर बसों के लिए निम्न सुरक्षा प्रावधान अनिवार्य किए हैं
- ड्राइवर केबिन और यात्री केबिन के बीच पार्टीशन दरवाजा नहीं होना चाहिए
- स्लीपर बर्थ के साथ किसी भी प्रकार का स्लाइडर या स्टोरेज पूरी तरह प्रतिबंधित
- 1 अक्टूबर 2023 के बाद निर्मित बसों में एफडीएसएस अनिवार्य
- सभी बसों में कम से कम 10 किलो का ग्रीन जोन अग्निशमन यंत्र जरूरी
- बस की लंबाई के अनुसार 4 से 5 आपातकालीन द्वार अनिवार्य
- श्छळऊ पैनिक बटन और स्पीड गवर्नर चालू हालत में होना आवश्यक
- ज्वलनशील पदार्थों का परिवहन पूरी तरह प्रतिबंधित

## खबर एक नजर...

### गणतंत्र दिवस पर दौलतगंज होलसेल किराना बाजार में अवकाश रहेगा

उज्जैन। दौलतगंज होलसेल किराना मर्चेन्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय रोहरा के अध्यक्षता में हुई कार्यकारिणी की बैठक में हुए निणयार्नुसार 26 जनवरी सोमवार, गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में दौलतगंज होलसेल किराना मार्केट का संपूर्ण अवकाश रहेगा। संस्था द्वारा राष्ट्रीय पर्व पारिवारिक माहौल में महाकाल परिसर में हर्ष उल्लास के साथ मनाया जावेगा। यह जानकारी संस्था सचिव आशीष जैन ने दी।

### सनातन धर्म में चादर नहीं उड़ाई जाती चादर तो मुस्लिम समाज की धर्म प्रथा

उज्जैन। सनातन धर्म में शंकराचार्य की स्थापना, पदवी और पद स्वयं स्थापित हैं जैसे देश के 12 ज्योतिर्लिंग स्वयं भु हैं। ऐसा ही शंकराचार्य पद है। भारत में जब सनातन धर्म को ठेस पहुंचाने की चेष्टा की जा रही थी उस समय भगवान शंकर के अंश आद्य शंकराचार्य जी की उत्पति हुई और उन्होंने सनातन धर्म को बचाने के लिए भारत का भ्रमण करते हुए, जहां शास्त्रों के माध्यम से परास्त करना वहां शास्त्र और जहां शस्त्र से परास्त करना था वहां शस्त्र। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ राष्ट्रीय सचिव रूपेश मेहता ने यह बताते हुए कहा कि आद्यशंकराचार्य जी ने अखाड़ों का निर्माण सनातन धर्म को बचाने के लिए एक फौज तैयार की थी। उनके आदेश (हुकम) का पालन करती थी। जिस प्रकार खेत को बचाने के लिए बागर लगाई जाती है। यदि वही बागर खेत को खराब करने या खाने लग जाए तो खेत में बागर की क्या आवश्यकता ?

उसी प्रकार अखाड़ा परिषद द्वारा आज बागर का कार्य कर शंकराचार्य पर आरोप व प्रत्यारोप कर रही है और शंकराचार्य जी को यह 13 अखाड़े द्वारा चादर उड़ाकर और प्रमाणित करने की को चेष्टा की जा रही है। उसकी निंदा करते हुए अखिल भारतीय पुजारी महासंघ चारों शंकराचार्य से यह निवेदन करता है कि देश में अब अखाड़ों की कोई आवश्यकता नहीं है चादर दरगाह एवं मजारों पर मुस्लिम समाज उनके धमार्नुसार चढ़ाते हैं अखाड़ा परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी द्वारा शंकराचार्य जी को चादर उड़ाने के बाद ही मान्यता देने की बात की है उसकी अखिल भारतीय पुजारी महासंघ कड़े शब्दों में निंदा करता हैं।

### विभिन्न क्षेत्रों में निपुणता हासिल करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान

# अवनीश्री जनकल्याण एवं शिक्षा संस्था एवं नगर विकास समिति मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा किया गया प्रतिभा सम्मान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड उज्जैन, जिला उज्जैन अंतर्गत नगर विकास समिति वार्ड 21 एवं अवनिश्री जनकल्याण एवं शिक्षा संस्था द्वारा ग्रामोदय अभियान के तहत नगर विकास समिति वार्ड क्र. 21, 22 में विभिन्न क्षेत्रों में निपुणता हासिल करने वाले प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अजीता परमार शासकीय निकाय सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य रही। अन्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से जय दीक्षित जिला समन्वयक, अरुण व्यास ब्लॉक समन्वयक, सुरेंद्र चतुर्वेदी समाजसेवी एवं वरिष्ठ अभिभाषक, क्षेत्रीय पार्षद अर्पित दुबे, कार्तिक चौक मंडल भाजपा कार्यकारी अध्यक्ष आशीष जाधव, समाजसेवी रितेश शोत्रिय, संस्था अध्यक्ष एवं नगर विकास समिति अध्यक्ष प्रियंका जोशी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंतर्गत अतिथि परिचय एवं स्वागत भाषण अवनिश्री जनकल्याण संस्था के अध्यक्ष प्रियंका जोशी द्वारा दिया गया, तत्पश्चात अरुण जी व्यास द्वारा विभिन्न विकासखंडों एवं नगर में कार्यक्रम का प्रारूप एवं उद्देश्य बताया गया। जय दीक्षित, जिला समन्वयक द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम की योजना विस्तार से समझायी गई। तत्पश्चात सुरेंद्र चतुर्वेदी ने संस्था के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए कार्यक्रम के मूलभूत सिद्धांतों को बताया। पार्षद अर्पित दुबे ने कहा कि नारी शक्ति द्वारा किए गए निरंतर योगदान प्रशंसनीय है। और अंत में कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्रीमती परमार ने कहा कि आज यहां नारी सशक्तिकरण का साक्षात उदाहरण देखने को मिल रहा है साथ ही उन्होंने संस्था के सक्रिय भागीदारी को सराहा एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की हर योजना हर व्यक्ति तक कुछ पहुचे और यह अभियान निरंतर जारी रहे इस प्रकार की अपील की। कार्यक्रम में कनकश्रृंगा योग अकादमी के कलाकारों ने निदेशक संतोष सोलंकी एवं सपना माली के निर्देशन में दीपयोग भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में नृत्य, कला, समाज सेवा, मानसिक दिव्यांगता, खेल, तलवारबाजी, पर्यावरण, योग, पुलिस, पत्रकारिता, धर्म एवं वेद आदि क्षेत्रों में अग्रणी रहे व्यक्तियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था सदस्य पूनम दुबे, ज्योति व्यास, प्रिया व्यास, रक्षा पालीवाल, अनीता शास्त्री, रत्ना शर्मा, सीमा शर्मा, संतोषी जोशी, आयुषी दुबे, अवनी जोशी, पं उत्तम दुबे,पं यश जोशी, पं गौरव उपाध्याय, पं तुषार जोशी आदि उपस्थित थे। अंत में कार्यक्रम का आभार संस्था उपाध्यक्ष प्रिया व्यास द्वारा माना गया।

### नवीन ढंडेरवाल अखिल भारतीय बैरवा महासभा के राष्ट्रीय सदस्य मनोनीत

उज्जैन। अखिल भारतीय बैरवा महासभा द्वारा प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया की नवनिर्वाचन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रामदयाल बड़ोदिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री रामनिवास जोनवाल द्वारा दिनांक 18 जनवरी को अंबेडकर अपार्टमेंट जयपुर राजस्थान में महासभा की बैठक में राष्ट्रीय सदस्य के रूप में नवीन ढंडेरवाल को राष्ट्रीय सदस्य के रूप में मनोनीत किया एवं जिसको लेकर बैरवा समाजजन मे नवीन ढंडेरवाल को सदस्य बनाने को लेकर उत्सहा है' बैठक मे इस मौके पर समाज के पूर्व महापौर मदनलाल ललावत. ओमप्रकाश बैरवा. ओपी विश्नेमी. प्रभुला जाटवा.राकेश मरमट. राजकुमार केरोल आदि मौजूद थे।

# जिला युवा कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में तय की रणनीति

### टनों से पकड़ाए गए गौमांस के विरोध में महापौर का पुतला दहन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



जिला युवा कांग्रेस उज्जैन की बैठक गुरुवार को शहर एवं जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिला अध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में जिला युवा कांग्रेस के आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय की गई एवं जिले में आयोजित की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक के पश्चात भोपाल में टनों से पकड़ाए गए गौमांस के विरोध में भोपाल महापौर का पुतला दहन किया गया एवं महापौर के इस्तीफे की मांग की गई.बैठक एवं पुतला दहन कार्यक्रम में दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष यशराज चावड़ा महिदपुर विधानसभा अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह डोडिया जिला महासचिव संदीप पवार योगेश दायमा अमन नजमी विकास मालवीय नकुल यादव नागदा उपाध्यक्ष अरुण पोरवाल विनीत वर्मा नंदू गहलोद चितवन मालपानी रेणुका गांधी बल्लू गुर्जर घटिया विधानसभा ब्लॉक अध्यक्ष नागेश्वर अंजना बड़नगर ब्लॉक अध्यक्ष राहुल शारिक मस्ताना स्वर शंकर जोशी जी मुकेश गॉड सौरभ यादव अनिकेत सूर्यवंशी मयूर तीनखेड़े अवधेश यादव जी एवं जिले के सभी युवा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### 50 छात्राओं ने ब्यूटिशियन प्रशिक्षण में सिखा ब्यूटी पार्लर का कोर्स

# शिक्षा के साथ-साथ आत्मनिर्भरता का भी प्रशिक्षण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजनान्तर्गत उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित एव शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा प्राचार्य डॉ. वन्दना गुप्ता के मार्गदर्शन में संयोजक डॉ. अंजना बुन्देला द्वारा ब्युटीशियन प्रशिक्षण आयोजित किया गया।अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण में 50 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। एक माह तक चले प्रशिक्षण शिविर के कुल 60 घण्टों में ब्यूटिशियन प्रशिक्षण में छात्राओं ने

ब्यूटी पार्लर से संबंधित समस्त विधियां थ्रेडिंग, वेक्सिंग, पेडीक्योर, मैनीक्योर, स्किन केयर, हेयर केयर, हेयर कटिंग, हेयर स्टाइल, पार्टी मेकअप,साधारण एवं दुल्हन मेकअप,साड़ी ड्रेपिंग सीखीं।

ब्यूटीशियन श्रीमती शुभांगी विनोदिया ने बताया कि छात्राओं ने बहुत उत्साह पूर्वक समस्त विधियाँ सीखकर प्रतिदिन अभ्यास भी किया।

प्रशिक्षण के अंतिम दिन में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस माधव महाविद्यालय उज्जैन की प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के जिला नोडल अधिकारी प्रदीप लाखरे के मुख्य अतिथि में समापन समारोह आयोजित किया गया।

सरस्वती पूजन के पश्चात डॉ. कल्पना सिंह ने कहा कि सौंदर्य केवल दिखावा नहीं वरन् अनुभूति का विषय है और सुंदर दिखना हर स्त्री का अधिकार है। डॉ. प्रदीप लाखरे ने समस्त छात्राओं भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण आपके भविष्य के लिए है यदि आप यहाँ से प्रशिक्षित होकर स्वयं के लिए कोई रोजगार का साधन अपना पाए तो इसी में प्रशिक्षण की सफलता है।

# 26 जनवरी को तपोभूमि पर भगवान महावीर स्वामी का भव्य रूप से होगा महा मस्तकाअभिषेक

### तपोभूमि प्रणेता आचार्य 108 श्री प्रज्ञा सागर जी मुनिराज के चतुर्थ आचार्य पदारोहण दिवस आज 23 जनवरी को भव्य रूप से बनाया जाएगा

### आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य के सानिध्य में महामस्तकाअभिषेक में देशभर से गुरुभक्त होंगे सम्मिलित

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

तपोभूमि प्रणेता आचार्य 108 श्री प्रज्ञा सागर जी मुनिराज के चतुर्थ आचार्य पदारोहण दिवस के उपलक्ष्य में आज 23 जनवरी 2026 को आयोजित कार्यक्रम में आचार्य छत्तिसि विधान- प्रातः 8.00 बजे से विधान के पश्चात आचार्य श्री का चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, आचार्य श्री की संगीतमय पूजन किया जाएगा श्री शांतिनाथ दि. जैन मन्दिर, जैन बोर्डिंग, फ्रीगंज संपूर्ण कार्यक्रम होगा कार्यक्रम का निवेदक श्री महावीर तपोभूमि ट्रस्ट एवं परिवार, उज्जैन,श्री सकल दि. जैन समाज, उज्जैन एवं राष्ट्रीय गुरु आस्था परिवार, उज्जैन

समाज सचिव एवं मीडिया प्रभारी सचिन कासलीवाल ने बताया कि तपोभूमि प्रणेता आचार्य गुरुदेव प्रज्ञा सागर जी महाराज का जन्म मध्य प्रदेश के पिंडरई में 1972 में हुआ था छोटी अवस्था में ही उन्हें ब्रह्मचर्य व्रत लेते हुए आचार्य पुष्पदंत सागर जी महाराज से मुनि दीक्षा प्राप्त की और देश के विभिन्न हिस्सों में पहुंचकर अनेक धार्मिक स्थान बनाएं जैन धर्म के नाम को और भी अधिक बढ़ाया उनके प्रवचन में राष्ट्र,धर्म एवं जीवन जीने की कला के प्रमुख प्रवचन से उनका देश का प्रसिद्ध राष्ट्रीय संत बना दिया उन्होंने उज्जैन में भी तपोभूमि का निर्माण कराया जिसका विश्व भर में नाम प्रसिद्ध हुआ लगभग 4 वर्ष पहले आचार्य पुष्पदंत सागर जी महाराज द्वारा उनको पुष्पगिरी में आचार्य दीक्षा दी गई तत्पश्चात उन्होंने अपने संघ को और बढ़ाया एवं देश के अन्य हिस्सों में पहुंचकर वहां पर भी मंदिर बनवाने एवं मंदिरों का जीणोद्धार कराया तथा भव्य चातुर्मास के साथ अनेक धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों को आम जनता के माध्यम से समाज में एक नई जागृति जगाई 26 जनवरी पर होगा तपोभूमि पर भगवान महावीर स्वामी का महामस्तकाअभिषेक होगा उज्जैन श्री महावीर तपोभूमि पर आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि श्री निर्णय सागर जी महाराज मुनि श्री श्रमण सागर जी महाराज एवं मुनि श्रीओंकार सागर जी महाराज के सानिध्य में इस बार महामस्तकाअभिषेक 2026 भव्य रूप से आयोजित होगा जिसमें देश भर से लोग श्री महावीर तपोभूमि पहुंचेंगे अभिषेक प्रक्रिया प्रातः 9:00 बजे से प्रारंभ हो जाएगी सर्वप्रथम सांस्कृतिक कार्यक्रम पश्चात मुनि श्री के प्रवचन एवं भगवान के अभिषेक पश्चात संपूर्ण समाज का वात्सल्य भोज वहीं पर आयोजित होगा सचिन कासलीवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष श्री महावीर तपो भूमि पर भगवान महावीर स्वामी की मुख्य प्रतिमा पर 26 जनवरी को भव्य रूप से अभिषेक होता है जिसमें देशभर से मुनि भक्ति सम्मिलित होते हैं इस बार भी अभिषेक को भव्य से भव्य रूप दिया जा रहा है जिसमें संपूर्ण तपोभूमि को सजाया जा रहा है एवं सभी समाजजन व अतिथियों के लिए उत्तम व्यवस्था जुटाई जा रही है जिसमें संपूर्ण ट्रस्ट, परिवार एवं समाज का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है

कार्यक्रम में अधिक से अधिक आने का आग्रह संस्थापक अध्यक्ष अशोक जैन चायवाला,अध्यक्ष दिनेश जैन (सुपर फार्मा),सचिव संजय नीलू बड़जात्या,कोषाध्यक्ष,कार्याध्यक्ष इंदरमल जैन,उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सेठी, राजेंद्र रेखा लुहाड़िया,सहसचिव हितेष मनीषा जैन,सह कोषाध्यक्ष गिरीश चंदा बिलाला, गुरुकुल प्रभारी राजेंद्र लुहाड़िया, अनिल बुखारिया, सुशील गोधा, ओम जैन, संजय जैन, अतुल जैन,ग्रंथालय प्रभारी अनिल कासलीवाल,मंदिर व्यवस्था प्रभारी विमल जैन,अनिल जैन,संरक्षक कमल मोदी,पवन बोहरा सुनील जैन (ट्रांसपोर्ट) एवं प्रज्ञा कला मंच अध्यक्ष निशि जैन,सचिव रश्मि सेठी,प्रज्ञा युवा मंच अध्यक्ष पलाश लुहाड़िया, सचिव निखिल विनायक आदि ने किया है।

## खबर एक नजर...

### मुकेश धानक को बने अभा गुजराती बलाई युवा संघ के जिला अध्यक्ष

**उज्जैन।** अखिल भारतीय गुजराती बलाई युवा संघ द्वारा संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सोलंकी के निदेर्शानुसार मुकेश धानक को उज्जैन जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) के पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अशोक गुजराती द्वारा दिनांक 22 जनवरी को जारी नियुक्ति-पत्र के माध्यम से की गई। मुकेश धानक लंबे समय से समाजसेवा से जुड़े हुए हैं तथा समाज में उनकी सक्रिय भूमिका को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अशोक गुजराती ने आशा व्यक्त की कि मुकेश धानक संगठन की रीति-नीति के अनुसार कार्य करते हुए समाजहित में संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का कार्य करेंगे तथा मध्यप्रदेश में संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे। श्री मुकेश धानक की नियुक्ति से समाज में हर्ष का माहौल है। समाजजनों एवं संगठन पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का उद्घाटन



**उज्जैन।** राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज से जोड़कर नेतृत्व को विकसित करने का माध्यम है।

यह उद्गार सम्राट विक्रमादित्य विश्विद्यालय उज्जैन के समन्वयक डॉ शेखर मेदमवार ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव कॉलेज उज्जैन की राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा गोद ग्राम सोडंग में आयोजित विशेष शिविर के उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप मे व्यक्त किए। डॉ शेखर मेदमवार ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तिव विकास का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सरपंच प्रतिनिधि श्री आत्मा राम पटेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के अन्य विशिष्ट अतिथि मोहनसिंह देपन, कीर्ति उपाध्याय ने शुभकामनाएं व्यक्त की। अतिथि परिचय एवं आगामी कार्य योजना की जानकारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ नीरज सारवान ने प्रस्तुत करते हुए कहा कि भारत सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय के दिशा निदेर्शानुसार शिविर का केंद्रीय विषय डिजिटल साक्षरता रहेगा। साथ ही स्वास्थ्य, स्वच्छता, प्रौढ़ साक्षरता ,पर्यावरण संरक्षण पर भी कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कल्पना सिंह ने की। डॉ शुभकामना रक्ताले, डॉ मोहित पांचाल, डॉ राधेश्याम, अजय सोलंकी, मनोहर सूर्यवंशी, हर्ष कुशवाहा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक संयम जैन ने किया एवं आभार एकता परमार ने माना।

# गणित के माध्यम से सृजनात्मकता को बढ़ावा दिया जा सकता है : डॉ. गुप्ता

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



आज हम श्रीनिवास रामानुजन की जयंती को गणित दिवस के रूप में मना रहे हैं । इस अवसर पर यह याद रखना चाहिए कि गणित एक शुष्क विषय समझा जाता है । यह विषय विज्ञान, कला और सर्जनात्मकता का संगम है । संगीत और स्वर, दोनों गणितीय अनुपात पर आधारित हैं । हमारी जरूरत कला और सृजनात्मकता को एक साथ जोड़ने की है । लियोनार्डो द विंची जैसे कलाकारों ने अपनी कला में ज्यामितीय अनुपात का प्रयोग किया । आज के समय की जरूरत अंतर्विषयक सोच है । इसका उपयोग किया जाना चाहिए। यह उद्गार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस माधव कॉलेज में श्रीनिवास रामानुजन की 138 वीं जयंती गणित दिवस के अवसर पर आयोजित सेमीनार में मुख्य अतिथि के रूप में मप्र लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक एवं प्रख्यात गणितज्ञ डॉ वी के गुप्ता ने व्यक्त किए। शुभारंभ कार्यक्रम में सारस्वत अतिथि कालिदास कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ वंदना गुप्ता ने कहा कि भारत की ज्ञान परम्परा पहले आस्था का विषय थी, लेकिन अब पाठ्यक्रम का हिस्सा है । हमारी संस्कृति और आस्था बताती है कि वेद ज्ञान का भण्डार हैं । भारतीय ज्ञान परम्परा बहुत समृद्ध है ।आस्था को प्रयोगशाला में भी सिद्ध किया जा सकता है। आज का कार्यक्रम तारीफ के काबिल है । शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के डॉ विपिन वर्मा ने श्रीनिवास रामानुजन के जीवन का परिचय दिया ।

प्रो सुमन जैन ने कहा कि गणित हमें तर्क करना और समस्याओं का समाधान करना सिखाता है। कार्यक्रम को डॉक्टर अनुराधा यादव ने भी संबोधित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो कल्पना वीरेंद्र सिंह ने कहा कि गणितज्ञ के दिमाग में केवल गणित ही रहता है । आज के सन्दर्भ में ऐसा कार्यक्रम आयोजित किया जाना बड़ा अच्छा सन्देश है, क्योंकि गणित एक प्रधान विषय है। कार्यालय में बड़ी संख्या छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

वरिष्ठ गणितज्ञ डॉ वी एच बादशाह, डॉ आर के तिवारी का सारस्वत सम्मान किया गया।

स्वागत भाषण दिया डॉ शोभा मिश्र ने दिया ।आयोजक डॉ दिनेश कुमार वर्मा ने सेमिनार और श्रीनिवास रामानुजन पर प्रकाश डाला।सरस्वती वंदना डॉ नलिनी तिलकर ने की।संचालन डॉ जफर महमूद ने किया।आभार डॉ प्रमोद कुमार मालवीय ने व्यक्त किया।

### कलेक्टर सिंह ने की रबी उपार्जन के तैयारियों की समीक्षा

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 की तैयारियों की समीक्षा बुधवार दोपहर कलेक्टर कार्यालय सभागृह में की। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि उपार्जन किए गए गेहूं को रखने के लिए गोडाउन पर्याप्त संख्या में सुनिश्चित करें। उपार्जित गेहूं के परिवहन के लिए सभी संबंधित अधिकारी समन्वय कर कार्य करें।

# श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल की नवीन कार्यकारिणी घोषित

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल उज्जैन की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा एवं शपथ विधि समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जैन प्रेस क्लब के अध्यक्ष नंदलाल यादव एवं भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर एवं महाराजा अग्रसेन जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत करी।समारोह के पश्चात नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर श्री अग्रवाल पंचायत न्यास के अध्यक्ष श्री निमेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष श्री विजय अग्रवाल, सचिव श्री दीपक मित्तल सहित न्यासीगण श्री जयकिशन अग्रवाल, श्री मधुर चौधरी, श्री रविप्रकाश बंसल, श्री संदीप अग्रवाल एवं श्री संजय अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

समारोह में श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें दीपेश अग्रवाल को सचिव, आयुष चौधरी को कोषाध्यक्ष, महेश अग्रवाल (फि ल्म) को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रीयेश अग्रवाल एवं अंश बंसल को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। संगठन मंत्री के रूप में मोनिल अग्रवाल एवं कृष्णा अग्रवाल को दायित्व सौंपा गया।

इसके साथ ही नवीन जैन एवं नितिन सिंघल को सह सचिव, आदित्य जैन एवं विनय अग्रवाल को सांस्कृतिक मंत्री, पवन अग्रवाल एवं संदीप अग्रवाल को महामंत्री, अवध सिंहल एवं आदित्य मंगलम को प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया। मीडिया प्रभारी के रूप में पुरुषोत्तम बंसल, हरीश मित्तल एवं राजेश अग्रवाल को जिम्मेदारी दी गई।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संयोजक श्री मोनिल अग्रवाल एवं श्री कृष्णा अग्रवाल का विशेष आभार व्यक्त किया गया। समारोह के अंत में अध्यक्ष श्री इंद्रेश अग्रवाल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### 'निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान का शुभारंभ 25 को

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के ऐतिहासिक दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'दिल से कहो अपने मोहन जी है न', निःशुल्क हृदय जांच शिविर अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा 25 जनवरी रविवार को विद्या भारती भवन चिंतामन रोड पर किया जायेगा। अभियान के मुख्य संयोजक एवं पूर्व भाजपा जिला महामंत्री सत्यनारायण खोईवाल ने बताया कि उज्जैन जिले सहित समूचे क्षेत्र में बढ़ती हृदयाघात, हृदय रोगों के दृष्टिगत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की प्रेरणा से उक्त अभियान संपूर्ण जिले में चलाया जाएगा। इस अभियान का शुभारंभ डॉ मोहन यादव के करकमलों से किया जायेगा। इस अभियान में उज्जैन, इंदौर, देवास, भोपाल के 11 अशासकीय अस्पतालों का समूह उज्जैन जिले के 100 से अधिक स्थानों पर शिविरों का आयोजन करेगा।

## मूकबधिर छात्र-छात्राओं के स्कूल में अल्पाहार वितरण आज होगा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

आजाद हिंद पैनल द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी राष्ट्रवीर, क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128 वी जयंती के अवसर पर आगर रोड तिराहा (चरक हॉस्पिटल) पर स्थापित नेताजी की प्रतिमा पर आज (23 जनवरी को) प्रातःकाल 9:30 पर माल्यार्पण किया जाएगा तत्पश्चात हामूखेड़ी स्थित मूकबधिर एवं श्रवण बाधितार्थ स्कूल के छात्र-छात्राओं को अल्पाहार वितरण किया जाएगा।

उक्त जानकारी पैनल के अध्यक्ष डॉक्टर घनश्याम शर्मा एवं सचिव किशोर छाबड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जावेगा ,माल्यार्पण कार्यक्रम में उज्जैन- आलोट संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद श्री अनिल फिरोजिया एवं उज्जैन उत्तर के लोकप्रिय विधायक श्री अनिल जैन (कालुहेड़ा) के मुख्य आतिथ्य एवं उज्जैन नगर पालिका निगम के महापौर मुकेश टटवाल एवं सभापति श्रीमती कलावती यादव अतिथि होंगे एवं अध्यक्षता उज्जैन उत्तर के पूर्व विधायक एवं पुर्व मंत्री श्री पारस जैन अध्यक्षता करेंगे, इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नगर जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर नगर निगम के पार्षद एवं राष्ट्रभक्त नागरिक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के श्री चरणों में अपनी पुष्पांजलि भी अर्पित करेंगे। माल्यार्पण कार्यक्रम में अतिथि गणों द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पराक्रम एवं योगदान का स्मरण किया जाएगा तत्पश्चात प्रातः काल 10:45 पर हामू खेड़ी स्थित मुकबधिर एवं श्रवण बाधितार्थ स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच पैनल के पदाधिकारी पहुंचकर अल्पाहार वितरण कर स्वयं भी अल्पाहार करेंगे। आजाद हिंद पैनल युवा इकाई के अध्यक्ष शुभम शर्मा , सचिव अजय अग्रवाल आदि ने राष्ट्रभक्ति नागरिकों से माल्यार्पण एवं अल्पाहार वितरण कार्यक्रम में उपस्थित होकर सफल बनाने की अपील की है।

# सारनाथ में धम्म चक्क पूजा, विश्वभर के 300 भिक्खु भिक्खुनियों ने लिया हिस्सा

### उज्जैन के भिक्खु डॉ सुमेध थेरो ने धम्म मार्ग का कड़ाई से पालन करने का किया आव्हान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



महाबोधी सोसाइटी के महासचिव भिक्खु डॉ पी सीवली महाथेरो के नेतृत्व में 15 से 21 जनवरी तक आयोजित धम्म चक्क पूजा में भारत सहित थाइलैण्ड, म्यांमार, कम्बोडिया, वियतनाम, श्रीलंका, तिब्बत के 300 भिक्खु भिक्खुनियों ने भाग लिया। उज्जैन के भिक्खु डॉ सुमेध थेरो ने धम्म मार्ग का कड़ाई से पालन करने का आव्हान किया। भिक्खुओ एवं उपासकों को एसिएट बुदिध्स्ट के 12 अंक की प्रतियां भेंट की गई।

सारनाथ महाबोधी सोसाइटी के प्रभारी भिक्खु सुमितानंद थेरो द्वारा सभी को एकत्र करने का संकल्प पूर्ण हुआ। ज्ञातव्य है कि मूलगंध कुटी विहार की विश्व स्तर पर मान्यता है कि यह भगवान बुद्ध का प्रथम प्रवचन स्थल है। यहाँ भिक्खु डॉ सुमेध थेरो एवं श्रीलंका के भिक्खु डॉ लिगला श्रीनिवाश थेरो के सानिध्य में भारतीय बौद्ध भिक्खुओं के लिए भारत श्रीलंका फाउंडेशन की ओर से सारनाथ, दिल्ली, उज्जैन, पूना, चैन्नई, झांसी, ललितपुर में प्रशिक्षण शिविरों में बुद्ध धम्म संघ का ज्ञान प्रवाहित होगा। इस अवसर पर श्रीलंका की हाई कमिश्नर, दोरंजी नेगी, तिब्बत विश्व विद्यालय के कुलपति लामा नेगी, लुम्बिनी के भिक्खु नदी थेरो, दिल्ली के भिक्खु काचायन महाथेरो, भिक्खु करूणा बोधी, भिक्खु शीलवंस थेरो, भिक्खु अशोक मित्र, वाराणसी के प्रसिध्द सर्जन डॉ विनोद कुमार, सुनील कौशल, ब्रजेश भारती, बुद्ध गया के भिक्खु अशोक वंश थेरो आदि सम्मिलित हुए। धम्म केंद्र के भिक्खु डॉ चंदिमा थेरो ने संचालन किया। सभी की मंगल कामनाओं के लिए महामंगल, करणीय मेतत सुत्त मंगल मैत्री का पाठ किया।

ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, शुक्रवार 23 जनवरी, 2026



## खबर एक नजर...

### ज्ञान गंगा यज्ञ में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की भव्य कथा

**मंडलेश्वर।** नगर के समीप श्रीनगर कॉलोनी में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान गंगा यज्ञ के अंतर्गत पांचवे दिन की कथा श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुई। कथा वाचक पंडित श्री पंकज मेहता गुरुजी ने भगवान श्रीकृष्ण जी के पावन जन्मोत्सव का सुंदर और भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म की दिव्य लीलाओं, उनके अवतार के उद्देश्य तथा भक्तों के जीवन में उनके महत्व के बारे में सरल भाषा में समझाया।कथा के दौरान जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण जी के जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल भक्ति से सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया। नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। भक्तों ने नृत्य-भजन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशी मनाई।पंडित श्री पंकज मेहता गुरुजी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतार धर्म की रक्षा, अधर्म के नाश और मानवता को प्रेम, करुणा व सत्य का मार्ग दिखाने के लिए हुआ। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### जुआ खेलते 8 आरोपी पकड़ाए, शराब और मोटरसाइकिलें भी बरामद

**मन्दसौर।** जिले के गरोठ थाना पुलिस ने ग्राम बोलिया रोड स्थित शमशान के पास दबिश देकर अवैध रूप से जुआ खेलते हुए 8 व्यक्तियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से अवैध शराब और वाहन भी जब्त किए गए हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरील एवं एसडीओपी विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हरीश मालवीय की टीम ने 22 जनवरी को घेराबंदी कर मौके से 8 आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों से 32 हजार रू. नगद, 2 पेटी में 80 क्वार्टर अवैध देशी प्लेन शराब, 3 मोटरसाइकिलें, 3 मोबाइल फोन एवं 52 ताश पत्ते जप्त किये। पुलिस ने 8 आरोपियों सिराज पिता यूसुफ, राहुल पिता रामलाल, दयाराम पिता देवीलाल, गोपाल पिता मांगीलाल, सोनू पिता शांतिलाल, श्यामलाल पिता बालाराम, दीपक पिता श्यामलाल और राजेंद्र पिता बालाराम को पकड़ा है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### इनामी आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

**मन्दसौर।** दलौदा थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में पिछले कई महीनों से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी जाफर पिता लाल खान को राजस्थान के डग (झालावाड़) से गिरफ्तार कर लिया है। 28 जून 2025 को दलौदा पुलिस ने महू-नीमच हाईवे पर कार्यवाही करते हुए शोयल खां निवासी सुरजनी को 150 ग्राम एम.डी. और १ किलोग्राम डोडाचूरा के साथ पकड़ा था। इस मामले में जाफर खान तभी से फरार चल रहा था। प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अब तक 10 से अधिक फरार तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है।

### 12 आरोपी को जावरा कोर्ट लेकर पहुंची पुलिस

# एमडी ड्रग बनाने की फैक्ट्री संचालित करने वाले आरोपियों से पूछताछ जारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

चिकलाना में एमडी ड्रग बनाने की फैक्ट्री संचालित करने वाले आरोपियों से पूछताछ जारी है। कई अहम जानकारियां पुलिस को मिली है। अब तक कुल 17 आरोपी गिरफ्तार हो चुके है। ड्रग फैक्ट्री में से मिले निलंबित सब इंस्पेक्टर रउफ खान के नाम के आईडी कार्ड को लेकर भी पुलिस ने नोटिस भेजा है।



पुलिस ने गांव में मुख्य सरगना दिलावर के भांजे नदीम के घर भी तलाशी ली। दिलावर के घर से एक बाइक भी जब्त की है। दिलावर की भांजी की ड्रग निर्माण में भूमिका आने के बाद गिरफ्तार कर लिया है। भांजी भी केमेस्ट्री की स्टूडेंट निकली है। चिकलाना में एमडी ड्रग फैक्ट्री के भंडाफोड़ के बाद हर दिन नए खुलासे हो रहे है। पुलिस हर एक पहलु को ध्यान में रख अपनी जांच को आगे बढ़ा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को रिमांड 22 जनवरी तक है। ऐसे में पुलिस गुरुवार को आरोपियों को जावरा कोर्ट में पेश कर और रिमांड मांग सकती है।

**निलंबित सब इंस्पेक्टर को भेजा नोटिस**

ड्रग फैक्ट्री में दबिश के दौरान पुलिस को दो साल पूर्व निलंबित सब इंस्पेक्टर रउफ खान के नाम का पुलिस आई कार्ड मिला था। साथ ही आर खान लिखी पुलिस वर्दी भी मिली थी। दो साल पूर्व अवैध गतिविधियों में संलिप्तता के चलते सब इंस्पेक्टर रउफ खान का निलंबन किया था। तब से लेकर आज तक वह निलंबित है। पीएचक्यू व सीआईडी द्वारा इसके निलंबन के केस व विभागीय जांच कर रही है। रउफ खान को भोपाल पीएचक्यू में अटैच कर रखा है। सीआईडी विभागीय जांच कर रही है। इस कारण सीआईडी के मार्फत इसको एक सूचना पत्र भेजा है। इससे पूछा गया है कि आखिर आईडी कार्ड दिलावर खान के घर से क्यों मिला है। वर्दी के संबंध में जानकारी मांगी है। इसके अलावा पुलिस के जो आईडी कार्ड जारी होते है वह इंदौर से होते है। पुलिस वहां से भी इस आईडी कार्ड के बारे में जानकारी जुटा रही है। दिलावर के बेटे अजहर का फोटो लगा एक इंडियन आर्मी जम्मू एंड काश्मीर राइफल का भी आईडी कार्ड मिला था। जिसमें अजहर ने अपने आपको लांस नायक बता रखा है। इस बारे में पुलिस तस्दीक कर रही हैष

### चायनीज मांझे की चपेट में आए बुजुर्ग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

कस्तूरबा नगर में बाइक पर सवार एक बुजुर्ग गुरुवार दोपहर चाइनीज मांझे की चपेट में आने से घायल हो गए। जैसे ही मांझा बुजुर्ग के गले पर आया तो उन्होंने अपना बचाव करते हुए डोर को हाथ से हटाया तो डोर से सीधे नाक और आंख के नीचे गाल को चिर दिया। अपने बचाव दौरान बुजुर्ग बाइक समेत डिवाइडर से टकरा गए नीचे गिर गए। राहगीरों व परिचीत उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। बुजुर्ग का नाम इंद्र शर्मा (60) पिता जमुनालाल निवासी नेमीनाथ विहार कॉलोनी है। जिन्हें 80 फीट रोड स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। इंद्र शर्मा ने बताया कि वह राम मंदिर क्षेत्र से कस्तूरबा नगर मेन रोड से होते हुए अपनी फर्नीचर की दुकान पर जा रहे थे। तभी बीच रास्ते में अचानक से डोर गले में आकर लगी। सीधे हाथ से डोर को पकड़ कर बचाव किया तो अंगूठे, गाल नाक व आंख के नीचे डोर की रगड़ लग गई। नाक व आंख के नीचे 2 सेंटीमीटर का घाव हो गया है। दोनों जगहों पर 4 से 5 टांके आए है। इंद्र शर्मा ने बताया कि अगर डोर को हाथ से नहीं हटाता तो गला कट सकता था। प तो उन्होंने अपने सीधे हाथ से बचाव किया।

## सीतामऊ में 29 से सजेगा नॉलेज कुंभ, साहित्य महोत्सव में जुटेंगी देश की जानी-मानी हस्तियां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर



मंदसौर जिले के सीतामऊ स्थित नटनागर शोध संस्थान में आगामी 29 से 31 जनवरी तक द्वितीय सीतामऊ साहित्य महोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है। गुरुवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में कलेक्टर अदिती गर्ग ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि इस महोत्सव को एक च्नॉलेज कुंभज के रूप में विकसित किया जा रहा है, जो इतिहास, संस्कृति और कला का अद्भुत संगम होगा।

तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत प्रसिद्ध अभिनेता, संगीतकार एवं वेब सीरीज पंचायत में च्प्रधान जीज के किरदार के लिए प्रसिद्ध रघुबीर यादव द्वारा की जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रमुख वक्ताओं में संजीव सान्याल (अर्थशास्त्री एवं लेखक), पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा (कवि, लेखक एवं हास्यकार), पद्मश्री ज्ञान चतुर्वेदी (कवि एवं व्यंग्यकार), आलोक श्रीवास्तव (कवि एवं लेखक), मीर रंजन नेगी (भारतीय पुरुष हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर), विवेक चतुर्वेदी (कवि एवं लेखक), राजेश कुमार, निदेशक आईसीएचआर (इतिहास कार) रविंद्र कुमार शर्मा, विभागाध्यक्ष, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय (इतिहासकार), जेरी पिंटो (साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता लेखक), रुबीका लियाकत (पत्रकार), रजा काजमी (पर्यावरणविद्) वक्ता के रूप में शामिल होंगे। कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष महोत्सव में पहली बार च्नेचर सेंससज का विमोचन किया जाएगा। साथ ही, मंदसौर के पुराने साहित्य महोत्सवों की यादों को समेटे हुए एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। 30 जनवरी की शाम को एक भव्य कवि सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें स्थानीय प्रतिभाओं को भी मंच प्रदान किया जाएगा।

## विद्युत मंडल में अवैध वसूली के विरोध में कपड़े उतार कर किया अनूठा प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

नगर में विद्युत मंडल कंपनी के कार्यालय में उसे समय हड़कंप मच गया ।जब अवैध वसूली और भ्रष्टाचार के विरोध में लोगों ने कपड़े उतार कर कंपनी कार्यालय में अधिकारियों के समक्ष जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

नगर में गुरुवार को वैध एवं अविकसित कॉलोनी में रहने वाले कुछ लोग बिजली कंपनी कार्यालय पहुंचकर वहां पर इनमें से कई लोगों ने ठंड के बीच अपनी शर्ट एवं पेंट तक उतारने शुरू कर दिए। इन्हें देखकर वहां मौजूद अन्य लोग भी सकते में आ गए ।कर्मचारी एवं अधिकारी भी हडबडाट में कार्यालय के बाहर दौड़े और अपने उच्च अधिकारियों को सूचना दी। इन लोगों ने वहीं इसी अवस्था में बैठकर प्रदर्शन भी किया ।

परेशान एवं प्रभावित लोगों ने कहा कि जब इनमें वेध और अवैध कॉलोनी में नया कनेक्शन लेने के लिए नियम मांगे गए तो उनके पास कोई जवाब भी नहीं है। कई बार लिखित शिकायत भी कि बिना सहमति लगाएं गए स्मार्ट मीटर की शिकायतों का कोई जवाब या आज तक निराकरण नहीं किया गया ।

यहाँ उपस्थिति असलम मेंव ने बताया कि नगर में बिजली विभाग द्वारा अवैध एवं अनधिकृत कॉलोनी में रहने वालों से मीटर लगाने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। बिजली कंपनी द्वारा इनमें ४५हजार रुपए प्रारंभिक तौर पर फिर १०हजार वसूले जाते हैं। बच्चों को अंधेरे एवं गर्मी से बचाने के लिए परेशान व्यक्ति के पास जब इतने रुपए नहीं होते तो अस्थाई कनेक्शन लेने के लिए बोलते हैं। लेकिन मीटर व तार डालने के नाम पर फिर 15 हजार रुपए तक लिए जाते हैं । लेकिन इसमें केवल ५हजार की ही रसीद दी जाती है। इतना ही नहीं बल्कि मीटर लाइन में सुधार के लिए भी कभी-कभी तीन तो कभी 5 हजार भी वसूले जाते हैं। उपस्थित लोगों ने निराकरण नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी । इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता असलम मेंव, अली जमान ,भेरूलाल नेका, मदन माली, कमलेश कीर, इरफान , दानिश हुसैन आदि कई पीड़ित लोग उपस्थित थे।

### बैंक घोटाले के पीड़ितों ने विधायक मंजू दादू से मुलाकात की

नेपानगर। नेपानगर में नागरिक बैंक घोटाले के पीड़ितों ने विधायक मंजू दादू से मुलाकात की और अपनी जमा राशि वापस पाने के लिए मदद की गुहार लगाई। 3 साल पहले बैंक के कर्मचारियों ने आपसी मिलीभगत से 8 करोड़ 85 लाख रुपये का गबन किया था, जिसके बाद पुलिस ने 16नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। हालांकि, आरोपियों की गिरफ्तारी के बावजूद गबन की राशि वसूल नहीं हो सकी है, जिससे जमाकर्ता परेशान हैं । विधायक मंजू दादू ने कहा कि वे पीड़ितों की समस्याएं सुनेंगे और समस्या का समाधान निकालने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि वे कोर्ट में निवेदन करेंगे कि जिन लोगों ने बैंक से पैसा लिया है, उनकी प्रॉपर्टी को सरकारी तौर पर बेचकर जमा कताओं को उनकी राशि वापस दी जाए ।

## श्री पशुपतिनाथ मंदिर में भक्तों ने चढ़ाया 25.43 लाख का दान, गणना में विदेशी मुद्राएं भी निकली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

विश्व प्रसिद्ध अष्टमुखी भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर के दानपात्रों से निकली राशि की गणना का कार्य दो दिनों तक चला। श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का परिणाम है कि मंदिर के भंडार से भारी मात्रा में नगदी के साथ-साथ सोना, चांदी और विदेशी मुद्रा भी प्राप्त हुई है।



मंदिर प्रबंध समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दान राशि की गणना का कार्य दिनांक 21 और 22 जनवरी को किया गया। प्रथम दिन गणना के दौरान 19 लाख 72 हजार 50 रुपये निकले वहीं द्वितीय दिन 5 लाख 71 हजार 300 रुपये की प्राप्ति हुई। इस प्रकार दो दिनों की कुल गणना में 25 लाख 43 हजार 350 रुपये की राशि दानपात्रों से प्राप्त हुई है।

नगदी के अलावा भक्तों ने भगवान के चरणों में आभूषण और विदेशी मुद्रा भी अर्पित की है। गणना में कुल 75 ग्राम चांदी और 22 ग्राम सोने के छोटे-बड़े आइटम प्राप्त हुए। साथ ही गणना के दौरान अमेरिका के 100 डॉलर और एक सिक्का, कतर का 50 का नोट, नेपाल का 60 का नोट व 3 सिक्के, संयुक्त अरब अमीरात का 1 सिक्का, चीन का 1 सिक्का और पॉकेन का 1 सिक्का भी मिला है। विदेशी मुद्राओं को बैंक के माध्यम से भारतीय मुद्रा में परिवर्तित कराया जाएगा। गणना के दौरान मंदिर संस्कृत पाठशाला के बटूक, प्रबंध समिति के सदस्य और संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पुलिस ने 4 साल से फरार ईनामी स्थाई वारंटी को पकडा

**नीमच।** जिला पुलिस अधीक्षक , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसौदिया के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे फरार वारंटियों की धरपकड. अभियान के तहत अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, जावद रोहित राठौर एवं थाना प्रभारी जावद जितेन्द्र कुमार वर्मा के कुशल नेतृत्व में चौकी प्रभारी सरवानिया महाराज निलेश सोलंकी व टीम द्वारा 20 जनवरी को मुखबिर सुचना पर कार्यवाही करते हुए अपराध कं. 274/19 धारा 323, 294, 506, 34 भादवि व अप.क्र. 78/19 धारा 3(1) (द) एससी एसटी एक्ट में फरार ईनामी स्थाई वारंटी रोशन पिता गब्बा बंजारा उम्र 40 साल निवासी खेरखेडा थाना जावद को पकडनें में सफलता प्राप्त हुई।

# पेंशनर संघ ने कहा 6वें वेतनमान के 32 महीने के एरियर का भुगतान हो सरकार कोर्ट का आदेश नहीं मान रही

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

बुरहानपुर में सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी महासंघ ने बुधवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया। प्रदेश संगठन के आह्वान पर पेंशनर्स ने मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी नाराजगी जाहिर की।

महासंघ ने साफ कहा कि सरकार उनकी जायज मांगों को लगातार अनदेखा कर रही है, जिससे बुजुर्ग पेंशनर्स को आर्थिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। महासंघ की सबसे प्रमुख मांग छठे वेतनमान के 32 महीने के एरियर का भुगतान है। जिलाध्यक्ष देविदास विश्वकर्मा ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश और कैबिनेट के फैसले के बावजूद अब तक यह राशि नहीं मिली है, जो सीधे तौर पर आदेशों की अवहेलना है।

इसके अलावा, पेंशनर्स ने मध्य प्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 46(6)ए को हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ बने दशक बीत गए, लेकिन आज भी पेंशन संबंधी कामों के लिए छत्तीसगढ़ की सहमति लेनी पड़ती है, जिससे पेंशनर्स का नुकसान हो रहा है।

## महंगाई भत्ता और आयु सीमा में छूट की मांग

पेंशनर्स ने केंद्र सरकार की तर्ज पर स्वीकृति की तारीख से ही महंगाई भत्ता और महंगाई राहत देने की मांग की है। साथ ही, वर्तमान में 80 वर्ष की उम्र के बाद मिलने वाली 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन की सुविधा को 65 वर्ष की आयु से ही लागू करने का आग्रह किया है, ताकि अधिक से अधिक बुजुर्गों को इसका लाभ मिल सके। महासंघ ने यह भी मांग रखी है कि पेंशनर की मृत्यु होने पर परिवार को 50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि (एक्सग्रेसिया) दी जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान पेंशनर्स के प्रदेश संगठन मंत्री दिलीप इंगले सरकार को दो टूक चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया, तो आने वाले समय में प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। महासंघ के अनुसार, उन्होंने अपनी 9 प्रदेशस्तरीय मांगों की सूची प्रशासन को सौंप दी है और अब वे आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं। ज्ञापन का वाचन जिलाध्यक्ष देविदास विश्वकर्मा द्वारा किया गया

इस अवसर पर महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री दिलीप इंगले, मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय चौधरी, निशा प्रसाद, शांताराम निंभोरे, जय प्रकाश चौधरी, सुरेश पवार, सुनीता कनाडे, विनोद यादव, कैलाश राठौड़, उमेश रूपेरी एवं भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष अंकित वैद्य,महामंत्री सतीश महाजन उपस्थित रहें।



## चंद्रशेखर आजाद नगर में गौ सम्मान अभियान हेतु कार्यकारिणी का गठन

**आलीराजपुर।** भारतीय संस्कृति में गाय को गोमाता के रूप में पूजा जाता है एवं इसे अत्यंत पवित्र माना जाता है। गाय न केवल एक पशु है, बल्कि हमारे धर्म, संस्कृति और कृषि व्यवस्था का अभिन्न अंग है। आज देश में गोवंश की स्थिति अत्यंत दयनीय है। उसकी तस्करी, अवैध वध व गोपालकों द्वारा उचित देखभाल में कमी के कारण उनकी संख्या में भारी गिरावट आयी है। यह हमारे देश और संस्कृति के लिए गंभीर चिंता का विषय है। आगामी 27 अप्रेल 2026 को होने जा रहे है गौ सम्मान दिवस पर देश की सभी तहसीलों में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जाने हेतु जिला समिति ने चंद्रशेखर आजाद नगर में कालिका माता मन्दिर पर हिन्दू समाज के गौभक्त सदस्यों के साथ बैठक कर तहसील कार्यकारिणी गठित की। डॉ. के.सी. गुप्ता द्वारा इस अभियान के बारे में बताया व इस अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। स्थानीय गौभक्तों ने गौ अभियान को सफल बनाने हेतु प्रचार करने व गौमाता को राष्ट्र माता घोषित करवाने हेतु संकल्प लिया व इस संदेश को गांव-गांव तक पहुँचाने का आश्वासन दिया।

# कलेक्टर ने प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ी बाजिद को 20 हजार रुपये की सहायता स्वीकृत की

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

रणछोड़ राय मार्ग, आलीराजपुर निवासी खिलाडी श्री बाजिद पिता श्री सजाउद्दीन मकरानी ने कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर से अनुरोध किया कि वे विगत कई वर्षों से क्रिकेट खेल में निरंतर अभ्यास कर क्रिकेट में अपने भविष्य का निर्माण करना चाहता है , उन्होंने स्कूल एवं कॉलेज के समय में स्टेट लेवल लेदर टूर्नामेंट में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया है , किंतु इस खेल के लिए उपयुक्त सामग्री क्रय करने के लिए आर्थिक रूप मजबूत नहीं है । आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण आगामी दिनों में आयोजित होने वाली इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु उपयुक्त क्रिकेट बैट सहित अन्य



समाग्री उपलब्ध नहीं है जिसके कारण उन्हे इस प्रतियोगिता से वंचित होना पडेगा । कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने खिलाड़ी की प्रतिभा और लगन को देखते हुए खिलाडी बाजिद को नया क्रिकेट बैट एवं किट सहित अन्य खेल सामग्री के लिए 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की। उन्होंने बाजिद को आगामी प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि खेल जगत के क्षेत्र में कड़ी मेहनत करना जरूरी है , जिससे उनकी प्रतिभा में ओर अधिक निखार आएगा और वे ओर अधिक बेहतर प्रदर्शन करने के योग?य बन सकते है । अच्छा मुकाम हासिल कर वे अपने जिले के साथ-साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन करें।

इस अवसर पर खिलाड़ी श्री बाजिद ने कलेक्टर श्रीमती माथुर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहन एवं आवश्यक खेल सामग्री उपलब्ध कराए जाने से लक्ष्य प्राप्त करने में काफी मदद मिलती है। इसके लिए उन्होंने तत्कालीन कलेक्टर एवं मध्यप्रदेश शासन के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। इस दौरान जिला खेल अधिकारी सुश्री संतरा निनामा, बाजिद के पिता सहित अन्य उपस्थितजन मौजूद रहे।

## मूकबधिर कल्याणी महिला को बड़वानी पुलिस ने दिलाया त्वरित न्याय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री जगदीश डावर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में तथा कोतवाली थाना प्रभारी श्री दिनेश कुशवाह के नेतृत्व में बड़वानी पुलिस द्वारा एक मूकबधिर, विधवा एवं कल्याणी महिला को त्वरित न्याय दिलाते हुए मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया गया।

आवेदिका (परिवर्तित नाम सुमन) द्वारा प्रत्यक्ष रूप से आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि उसका विवाह लगभग 6-7 वर्ष पूर्व सुधीर के साथ हुआ था, जिनका ६ माह पूर्व निधन हो गया। आवेदिका के दो छोटे बच्चे हैं, एक 5 वर्षीय पुत्र एवं एक 1 वर्षीय पुत्री। पति की मृत्यु के पश्चात सास द्वारा आवेदिका को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। सास द्वारा बच्चों को जबरन छीनकर ले जाना, मारपीट एवं पारिवारिक विवाद की स्थिति उत्पन्न की जा रही थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली थाना प्रभारी श्री दिनेश कुशवाह द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए महिला अधिकारी को निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। ऊर्जा महिला हेल्प डेस्क की टीम द्वारा दोनों पक्षों को थाना बुलाकर काउंसलिंग की गई एवं समझाइश दी गई।

समझाईश के दौरान सास द्वारा भविष्य में किसी भी प्रकार का विवाद न करने, बच्चों को मां से अलग न करने तथा प्रेम एवं सहयोग से रहने का आश्वासन दिया गया। दोनों पक्षों की सहमति से आपसी समझौता संपन्न हुआ एवं घरेलू विवाद का

## सहेली ग्रुप का सेवा भाव, परिक्रमा वासियों के लिए चद्दरों का वितरण



**मंडलेश्वर।** माँ नर्मदा तट पर स्थित सदाव्रत आश्रम एवं माँ नर्मदा आश्रय स्थल पर नर्मदा परिक्रमा पर आने वाले परिक्रमावासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सहेली ग्रुप मंडलेश्वर द्वारा सेवा कार्य किया गया। ग्रुप की ओर से परिक्रमावासियों के रात्रि विश्राम हेतु आवश्यक चद्दरें आश्रम प्रबंधन को भेंट की गई।इस अवसर पर सहेली ग्रुप की संस्थापिका श्रीमती रीटा जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि ये चद्दरें आश्रम में ठहरने वाले परिक्रमावासियों के उपयोग में लाई जाएँगी, जिससे उन्हें रात्रि विश्राम के दौरान सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि नर्मदा परिक्रमा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करना सौभाग्य की बात है और यह कार्य सभी सदस्यों के सहयोग से संभव हो पाया है।गत वर्ष भी ग्रुप की ओर से आश्रम में परिक्रमावासीयों के लिए पूजा पाठ करने के लिए पटिए भेट किया गए थे।सहेली ग्रुप की महिलाओं ने सामाजिक सेवा की भावना से यह पहल की, जिसकी आश्रम प्रबंधन एवं परिक्रमावासियों ने सराहना की। इस सेवा कार्य के लिए सहेली ग्रुप की समस्त महिला सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया।यह पहल न केवल सेवा भाव को दशार्ती है, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी देती है कि सामूहिक प्रयासों से जरूरतमंदों की सहायता की जा सकती है।

# म.प्र. शिक्षक संघ द्वारा 28 जनवरी को भोपाल में मुख्यमंत्री का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बाग

उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आज मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के आह्वान पर सभी शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें राज्य शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विजय भावसार आजाद अध्यापक शिक्षक संघ अध्यक्ष योगेश राठौर ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश अलावा मध्य प्रदेश शिक्षक संघ बाग और आदिवासी विकास मंच के ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर की उपस्थिति में सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे भोपाल कार्यक्रम के संबंध में चर्चा कर योजना बनाई गई।

उक्त बैठक को सभी अध्यक्षों के अलावा मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला कार्यकारणी सदस्य अंतर सिंह गेहलोद ने कहा कि आज की बैठक कर्मचारी एकता को प्रदर्शित करती है संगठन में शक्ति है सभी शिक्षक संघ संगठित होकर शिक्षक हित में शासन से लड़ाई लड़े तो शासन भी शिक्षकों की एकता एक मंच पर देखकर शिक्षकों की मांगों का जल्दी से जल्दी निराकरण करने के लिए मजबूर होगी। ब्लॉक उपाध्यक्ष मगन सिंह जमरा हरिओम शर्मा प्रेम सिंह मंडलोई के द्वारा अपने विचार व्यक्त किए साथ ही मध्य प्रदेश शिक्षक संघ बाग की महिला प्रमुख अलका राठौर सजन अहरवाल वैशाली दिघे दीप्ती अजनारिया ने सभी शिक्षक साथियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता के लिए निवेदन किया इस अवसर पर आज बैठक में परम सिंह चौहान नरसिंह मेडा लालू डावर किशोर भाभर नारायण जमरा पारू अहोरिया दिनेश बघेल पदम चौहान श्री मति शिल्पा दिवेकर सहित अनेक शिक्षक साथी ने उपस्थित होकर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी शिक्षक साथियों से निवेदन किया।

# विमलनाथ भगवान के जन्मकल्याणक पर भक्ति और उल्लास से मनाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बाग

जैन धर्म के 13 वे तीर्थंकर भगवान विमलनाथ दादा के जन्मकल्याणक के शुभ अवसर पर बाग नगर में जैन समाज द्वारा एक अत्यंत सुंदर, भक्तिमय और मन को छू लेने वाला आयोजन किया गया। सुबह की शुरूआत ढोल-नगाड़ों की मधुर ध्वनि के साथ हुई, जब भव्य जुलूस निकाला गया। हर चेहरे पर भक्ति की चमक दिखाई दे रही थी और हर कदम में श्रद्धा झलक रही थी।



जुलूस के पश्चात सायंकाल स्वामीवात्सल्य (सामूहिक भोजन) का आयोजन हुआ, जहाँ सभी ने प्रेम, अपनापन और समानता के भाव से भोजन ग्रहण किया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा समाज एक परिवार के रूप में एकत्रित हो गया हो। इसके बाद हुए जाप, आरती एवं भक्ति के पावन क्षणों ने वातावरण को अत्यंत शांत, पवित्र और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। प्रभु के समक्ष आरती का पावन लाभ सेक्रेट्री परिवार द्वारा लिया गया।

इस सुंदर आयोजन में छोटे बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्गों तक सभी ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। विमलनाथ दादा के जन्मकल्याणक के इस शुभ अवसर ने धर्म, अहिंसा, प्रेम और उत्तम संस्कारों का अमूल्य संदेश प्रदान किया।

## ब्लाक शिक्षा अधिकारी श्री मालवीय का सेवानिवृत्ति पर सुवासरा में सम्मान हुआ

**सुवासरा।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पद से सेवा निवृत्त हुए नागूलाल मालवीय का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह सुवासरा के समस्त शिक्षा विभाग द्वारा किया गया इस अवसर पर स्वागत भाषण राकेश वर्मा ने दिया गया बीआरसीसी भगवती शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन में शक्ति होती है सुवासरा तहसील शिक्षा विभाग में उत्कृष्ट कार्य के लिए जानी जाती है राजेश गुप्ता ने कहा कि सुवासरा के शिक्षक सृजन शील है हमने कोरोना काल में संकल्प लेकर हॉस्पिटल परिसर में मरीजों के परिजनों के लिए रेस्ट हाउस बनाया सेवानिवृत बीईओ नागूलाल मालवीय ने कहा कि में भले ही विभागीय तौर पर सेवानिवृत हो गया लेकिन सदैव आपके बीच रहकर शिक्षा और संगठन के लिए कार्य करता रहूंगा कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती भानुप्रिया यादव सहित बीआरसीसी सीतामऊ भगवती शर्मा बीएसी कोमल राठौर बलवंत लोहार प्राचार्य तेजेंद्र जैन माणकलाल मांदलिया सचिन त्रिवेदी डीके जैन बालाराम राठौर पी सी पाटीदार सहित शिक्षा विभाग के सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन विभाग के वरिष्ठ राजेश गुप्ता द्वारा किया गया आभार उमेश शिल्पी द्वारा व्यक्त किया गया।



## मुझे भाषा बोलने के लिए मजबूर मत करो

### एक्टर सुनील शेट्टी बोले- मराठी किसी के दबाव में नहीं, अपनी इच्छा से बोलेंगे

बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी ने हाल ही में कहा कि किसी को जबरदस्ती भाषा बोलने के लिए मजबूर नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई उनसे यह कहे कि मराठी बोलना अनिवार्य है, तो वे साफ कहते हैं कि ऐसा जरूरी नहीं है। वे मराठी अपनी इच्छा से बोलेंगे, न कि किसी दबाव में।

न्यूज एजेंसी के एक इवेंट में सुनील शेट्टी ने कहा कि जब वे कम उम्र में अपने घर से बाहर निकले, तो इसका मतलब यह नहीं था कि वे अपनी पहचान छोड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा, मैं बहुत छोटी उम्र में यहां (कर्नाटक) से बाहर गया था, किसी और जैसा बनने या कोई और बनने के लिए नहीं। उनके लिए बाहर जाना सिर्फ बेहतर मौके तलाशने का जरिया था, न कि अपनी जड़ों को मिटाना। मुंबई में करियर बनाने के बाद भी उनकी पहचान वही रही। उन्होंने कहा, मैं जो कुछ भी करता हूं, उसमें मंगलुरु मौजूद है। इससे उन्होंने बताया कि उनका शहर आज भी उनके काम, सोच और मूल्यों में साफ झलकता है।

वहीं, मराठी भाषा को लेकर शेट्टी ने कहा कि उनसे जब पूछा जाता है कि मराठी का क्या, तो इस पर वे कहते हैं, मराठी का क्या? उन्होंने आगे कहा, अगर कोई मुझसे कहे कि तुम्हें मराठी बोलनी ही पड़ेगी, तो मैं कहता हूं कि यह जरूरी नहीं है। मैं जब चाहूं, तब बोलूंगा। मुझे मजबूर मत करो। हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि यह बात किसी का अपमान करने के लिए नहीं है। मुंबई को अपनी कर्मभूमि बताते हुए उन्होंने कहा कि मराठी सीखना उनके लिए सम्मान की बात है। अगर यह मेरी कर्मभूमि है और मैं मराठी सीखता हूं, तो इससे बहुत से लोग खुश होंगे। उन्होंने यह भी कहा, मैं आज मुंबई के कई मराठी बच्चों से बेहतर मराठी बोल लेता हूं।

# भूमि पेडनेकर स्टारर फिल्म 'दलदल' का टीजर रिलीज

क्राइम थ्रिलर सीरीज में दिखा खौफनाक विजुअल्स, 30 जनवरी को ओटीटी पर स्ट्रीम होगा








भूमि पेडनेकर स्टारर क्राइम थ्रिलर सीरीज दलदल का टीजर रिलीज हो गया है। एक मिनट सात सेकंड के टीजर की शुरुआत वर्निंग से होती है। पूरा टीजर खौफनाक सीन्स से भरा हुआ है। मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित, यह सीरीज मुंबई क्राइम ब्रांच की नवनियुक्त डीसीपी रीता फरेरा की कहानी है, जिसका किरदार भूमि सतीश पेडनेकर ने निभाया है। दलदल की कहानी डीसीपी रीटा फरेरा के इर्द-गिर्द घूमती है। रीटा एक ऐसी पुलिस अधिकारी हैं जो न्याय के लिए समर्पित हैं, लेकिन अपने अतीत की गलती और अंदर के डर से परेशान भी हैं और वह एक बेरहम कातिल का पीछा करने के एक खौफनाक मिशन में फंस जाती है। टीजर दर्शकों को एक ऐसे दुनिया में ले जाता है जहां हिंसा और मानसिक डर सिर्फ चौंकाने वाला नहीं है, बल्कि लंबे समय तक असर डालता है। टीजर की बर्बरता के चित्रण से साफ है कि यह सीरीज कमजोर दिल वालों के लिए नहीं है। मूल रूप से, दलदल सिर्फ एक क्राइम-सस्पेंस कहानी नहीं है, बल्कि यह आघात और नैतिकता की गहन पड़ताल भी है। यह कहानी केवल यह नहीं पूछती कि अपराध किसने किया, बल्कि उससे कहीं अधिक भयावह सवाल उठाती है कि ऐसा क्यों किया गया।

भूमि पेडनेकर के साथ, सीरीज में समारा तिजोरी और आदित्य रावल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। बता दें कि 'दलदल' विष धमिजा की बेस्टसेलिंग किताब भिंडी बाजार पर आधारित है, जिसे विक्रम मल्होत्रा तथा सुरेश त्रिवेणी ने इसे प्रोड्यूस किया है। इसका निर्देशन अमृत राज गुप्ता ने किया है और कहानी त्रिवेणी के साथ श्रीकांत अग्निस्वरन, रोहन डिसूजा, प्रिया सग्गी और हुसैन हैदरी ने लिखी है। 'दलदल' का प्रीमियर 30 जनवरी को भारत समेत दुनिया भर के 240 से अधिक देशों में ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम पर होगा।



## पलाश मुच्छाल पर 40 लाख के फ्रॉड का आरोप

### रुपए लेकर फिल्म नहीं बनाई, दो महीने पहले क्रिकेटर स्मृति मंधाना से शादी टूटी थी

म्यूजिक कंपोजर और फिल्ममेकर पलाश मुच्छाल पर 40 लाख रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगा है। महाराष्ट्र के सांगली जिले के रहने वाले एक्टर और प्रोड्यूसर वैभव माने ने पुलिस से शिकायत की है।

शिकायत में फिल्म प्रोजेक्ट के नाम पर पैसे लेने और वापस न करने की बात कही गई है। फिलहाल पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है और प्राथमिक जांच चल रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, वैभव माने ने मंगलवार को सांगली के एसपी को आवेदन देकर पलाश मुच्छाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। शिकायत के मुताबिक, 5 दिसंबर 2023 को सांगली में पलाश मुच्छाल और वैभव माने की मुलाकात हुई थी। इस दौरान माने ने फिल्म प्रोडक्शन में इंवेस्ट करने की इच्छा जताई थी। आरोप है कि पलाश मुच्छाल ने अपनी अपकमिंग फिल्म नजरिया में प्रोड्यूसर के तौर पर इंवेस्ट करने का ऑफर दिया था।

माने का आरोप है कि मुच्छाल ने कहा था कि फिल्म के ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने के बाद 25 लाख रुपए के इंवेस्ट पर 12 लाख रुपए का प्रॉफिट मिलेगा। इसके साथ ही फिल्म में एक भूमिका देने का भी ऑफर दिया गया था। दोनों की इसके बाद दो बार और मुलाकात हुई। मार्च 2025 तक वैभव माने ने अलग-अलग किस्तों में कुल 40 लाख रुपए पलाश मुच्छाल को दिए। माने के मुताबिक, फिल्म प्रोजेक्ट पूरा नहीं हुआ। जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने सांगली पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभी तक मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। शिकायत के आधार पर प्राथमिक जांच चल रही है और सभी तथ्यों की जांच की जा रही है। पलाश मुच्छाल इससे पहले क्रिकेटर स्मृति मंधाना के साथ शादी टूटने को लेकर चर्चा में आए थे। दोनों की शादी 23 नवंबर 2025 को तय थी, जो टूट गई। शादी के दिन स्मृति मंधाना के पिता श्रीनिवास मंधाना की तबीयत खराब हो गई थी और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। इसी कारण शादी टाल दी गई थी।

# धुरंधर 2 में विक्की कौशल की एंट्री!


रिपोर्ट में दावा- एक्सटेंडेड कैमियो में मेजर विहान शेरगिल के रोल में दिखेंगे एक्टर

एक्टर विक्की कौशल फिल्म धुरंधर 2 का हिस्सा बनने जा रहे हैं। वह फिल्म में एक एक्सटेंडेड कैमियो करेंगे। फिल्म में वह डायरेक्टर आदित्य धर की ही फिल्म उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक के अपने रोल मेजर विहान शेरगिल को फिर से निभाते नजर आएंगे। यह दावा मिड-डे की रिपोर्ट में किया गया है।

रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि धर इस फिल्म में कौन-कौन से बड़े सितारे जोड़ रहे हैं, इस पर चुप्पी बनाए हुए हैं। वह धुरंधर यूनिवर्स बनाना चाहते हैं। इसी वजह से उन्होंने अलग समय की कहानी होने के बावजूद उरी की कहानी को फिल्म में जोड़ा है।

हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि विक्की और रणवीर सिंह के किरदार आमने-सामने आएंगे या नहीं।





विक्की के कैमियो में कुछ एक्शन सीन भी होंगे। विक्की ने अपने हिस्से की शूटिंग पिछले साल ही कर ली थी। सूत्र ने यह भी कहा कि विक्की, आदित्य धर के पसंदीदा एक्टर्स में से एक हैं और भविष्य में फिल्म के स्पिन-ऑफ की भी प्लानिंग है। उरी के बाद दोनों फिल्म द इम्मॉर्टल अश्वत्थामा में साथ काम करने वाले थे, लेकिन ज्यादा बजट के कारण वह फिल्म बंद हो गई थी।

### 19 मार्च को रिलीज होगी धुरंधर 2

धुरंधर 2: द रिवेंज ब्लॉकबस्टर फिल्म धुरंधर का सीक्वल है और 2026 की सबसे बड़ी फिल्मों में गिनी जा रही है। यह फिल्म 19 मार्च 2026 को रिलीज होगी। हाल ही में टीजर को ज्यादा हिंसा के कारण ए सर्टिफिकेट मिला है। फिल्म का टीजर 23 जनवरी को रिलीज होने वाली फिल्म बॉर्डर 2 के साथ सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। वहीं धुरंधर 2 का बॉक्स ऑफिस पर सीधा मुकाबला सुपरस्टार यश की फिल्म टॉक्सिक से होगा, जो इसी दिन रिलीज हो रही है।

# देसी अंदाज में होंगी रेसलर दीपक की विवाह रस्में

## झज्जर में 7 दिन पहले बान होंगे, देसी-घी का चूरमा परोसेंगे, मंगेतर यूपीएससी की तैयारी कर रहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ झज्जर

ओलिंपियन रेसलर दीपक पूनिया 3 फरवरी को विवाह बंधन में बंधने जा रहे हैं। उन्होंने ठेठ देसी अंदाज में शादी की रस्में निभाने का फैसला लिया है। सारी रस्में झज्जर के गांव छारा में होंगी। 7 दिन पहले बान बैठाएंगे। बिना दहेज शादी होगी। मेहमानों को भी देसी घी का चूरमा, दूध जलेबी जैसे व्यंजन परोसे जाएंगे। सारा खाना देसी घी में ही तैयार होगा।

दीपक आर्मी में सूबेदार हैं। उनका रिश्ता पिता के पुराने दोस्त की बेटी शिवानी से तय हुआ। दोनों की रिंग सेरेमनी 28 सितंबर 2025 को हुई थी। रिंग सेरेमनी प्रोग्राम में सिर्फ दोनों परिवार और करीबी ही शामिल हुए। शिवानी यूपीएससी की तैयारी कर रही हैं। उनका आईएएस अफसर बनने का सपना है। शिवानी और दीपक के पिता अच्छे दोस्त हैं। दोनों परिवारों ने दोस्ती को आगे बढ़ाते हुए दोनों बच्चों का रिश्ता तय किया। शादी समारोह में आने वाले मेहमानों में लंबी लिस्ट पहलवानों की ही है। इसलिए सारा खाना देसी घी में तैयार होगा। शुद्धता पर खास ध्यान होगा।

**देशी घी में तैयार होगा पूरा खाना:** दीपक की शादी की तारीख तय होते ही अब निमंत्रण पत्र दिए जा रहे हैं। पूनिया की शादी में जहां एक तरफ देसी घी का चूरमा बनेगा तो दूसरे विशेष पकवान में सरसों का साग शामिल होगा। दीपक पूनिया के पिता सुभाष पूनिया ने बताया कि उनका परिवार देसी खाने में विश्वास



रखता है। शादी समारोह में मेहमानों को गर्म दूध-जलेबी भी परोसा जाएगा।

**दो फरवरी को धनखड़ फॉर्म में सामूहिक भोज:** 2 फरवरी को झज्जर के धनखड़ फॉर्म हाउस में लंच रखा गया है। जिसमें गांव-ग्वांड-गौत्र वालों और परिचितों का भोज होगा। इसी दौरान काफी पहलवान भी शामिल होंगे।

**बिना दहेज होगी शादी:** पिता सुभाष पूनिया ने बताया कि 3 फरवरी को शाम 4 बजे बारात रवाना होगी। बहादुरगढ़ के हिल्टन रिसॉर्ट में कार्यक्रम है। शादी बिना दहेज के होगी, ताकि समाज में अच्छा संदेश जाए। दीपक खुद दहेज में रस्म में विश्वास नहीं करता है। दोनों पक्षों की कोशिश यही है कि शादी में ज्यादा दिखावा न हो।

**अखाड़े में ही हुई दोनों के पिता की हुई दोस्ती:** सुभाष पूनिया ने बताया कि अनूप सिंह प्रॉपर्टी का काम करते हैं। जब दीपक अखाड़े में प्रैक्टिस करने जाता था, वहीं अनूप सिंह से मुलाकात हुई। कई बार मुलाकातें हुई और 2020 में दोस्ती हो गई। सुभाष बताते हैं-जब बेटे के लिए रिश्ते आने लगे तो मैंने अनूप से कहा कि अपना बेटा है, आपकी बेटी है, क्यों न दोस्ती को रिश्तेदारी में बदल लें। अनूप ने तुरंत हां कर दी।

**शिवानी एमए-बीएड, आगे भी तैयारी कर रहीं:** सूबेदार दीपक पूनिया की होने वाली पत्नी शिवानी ने रोहतक के जाट कॉलेज से इंग्लिश ऑनर्स से एमए किया है। इसके अलावा उन्होंने बीएड की। अब एमएड की तैयारी है। साथ ही वढरउ की भी तैयारी है। सुभाष कहते हैं शिवानी हमारी बहू ही नहीं बेटी जैसी है, वो जितना चाहे पढ़े।

# सिंधु और श्रीकांत इंडोनेशिया मास्टर्स के पहले राउंड में जीते



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बेंगलुरु

डबल ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु और पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 किदांबी श्रीकांत ने इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में बुधवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर दूसरे दौर में जगह बना ली। विमेंस सिंगल्स में पांचवीं सीड पीवी सिंधु ने जापान की मनामी सुइजु को कड़े मुकाबले में 22-20, 21-18 से हराया। यह मैच 53 मिनट तक चला, जिसमें सिंधु ने अहम पलों में संयम दिखाते हुए जीत तय की।

श्रीकांत ने 22वें रैंकिंग के खिलाड़ी को हराया मेंस सिंगल्स में वर्ल्ड रैंकिंग में 33वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत ने दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी कोकी वतनाबे को 1 घंटे 12 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 21-15, 21-23, 24-22 से शिकस्त दी। श्रीकांत का अगला मुकाबला टूर्नामेंट की चौथी सीड चाउ टिएन चेन से होगा, चाउ ने आयरलैंड के न्हात गुयेन को 21-14, 21-15 से हराया।

किरण जॉर्ज और आकर्षी कश्यप पहले राउंड में बाहर भारतीय खिलाड़ियों के लिए दिन निराशाजनक रहा। किरण जॉर्ज मेन्स सिंगल्स के पहले राउंड में इंडोनेशिया के मोह जकी उबैदिल्लाह से 17-21, 14-21 से हारकर बाहर हो गए। विमेंस सिंगल्स में आकर्षी कश्यप भी शुरूआती दौर में डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसेन से 21-8, 20-22, 17-21 से हार गईं। मिक्स्ड डबल्स में भारत का अभियान पहले दौर में ही समाप्त हो गया। रोहन कपूर और रुथविका गड्डे की जोड़ी को फ्रांस के चौथी वरीयता प्राप्त थॉम गिक्वेल और डेलफिन डेलरू ने 9-21, 20-22 से हराया। वहीं ध्रुव कपिला और तनिष क्रास्टो को फ्रांस की जूलियन मायो और लिया पालेरमो की जोड़ी के खिलाफ 23-21, 20-22, 6-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# विराट कोहली से न्यूजीलैंड के मिचेल ने नंबर-1 रैंकिंग छीनी

## भारत के खिलाफ 3 मैच में 2 शतक लगाने का फायदा मिला



ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई

विराट कोहली वनडे रैंकिंग में एक हफ्ते के भीतर ही पहले से दूसरे नंबर पर खिसक गए हैं। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने बुधवार को जारी आईसीसी रैंकिंग में उन्हें पीछे छोड़ते हुए टॉप पोजीशन हासिल कर ली है।

भारत के खिलाफ हालिया सीरीज में दो शतक के साथ 352 रन बनाने वाले मिचेल ने यह मुकाम 845 रैंकिंग अंकों के साथ हासिल किया है, जबकि कोहली के पास 795 अंक हैं।

अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान तीसरे और भारत के रोहित शर्मा चौथे नंबर पर हैं। मिचेल से रोहित ने नंबर-1 की पोजीशन छीनी थी डेरिल मिचेल अपने वनडे करियर में दूसरी बार नंबर-1 रैंकिंग पर पहुंचे हैं। पिछली बार वे नवंबर 2025 में नंबर-1 बल्लेबाज बने थे। तब उनसे यह पोजीशन रोहित शर्मा ने छीनी थी। रोहित तब अपने वनडे करियर में पहली बार नंबर-1 रैंकिंग पर पहुंचे थे।

फिलिप्स ने लगाई लंबी छलांग इंदौर में भारत के खिलाफ 88 गेंद में 106 रन बनाने वाले ग्लेन फिलिप्स ने रैंकिंग में सीधे 16 स्थान की छलांग लगाई है। अब फिलिप्स 20वें नंबर पर आ गए हैं। फिलिप्स वनडे ऑलराउंडरों की लिस्ट में भी 14 स्थान ऊपर आकर अब 31वें नंबर पर आ गए हैं। ऑलराउंडर लिस्ट में अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई ही नंबर-1 बने हुए हैं।

माइकल ब्रैसवेल को बॉलिंग में फायदा न्यूजीलैंड के कप्तान माइकल ब्रैसवेल भी वनडे बॉलिंग रैंकिंग में 6 स्थान ऊपर बढ़कर 33वें नंबर पर आ गए हैं। अफगानिस्तान के ऑलराउंडर राशिद खान टॉप बॉलर हैं।

# रणजी ट्रॉफी-शुभमन 0, जडेजा 7 पर आउट



ब्रह्मास्त्र ▸▸ राजकोट

रणजी ट्रॉफी के छठे राउंड के मुकाबले आज से शुरू हुए। भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल शून्य और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा 7 ही रन बनाकर आउट हो गए। दोनों की टीमें राजकोट में एक-दूसरे का सामना कर रही हैं। यहां मुकाबले के पहले दिन 23 विकेट गिर गए।

महाराष्ट्र से खेल रहे ऑलराउंडर जलज सक्सेना ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में अपने 500 विकेट पूरे कर लिए। वहीं मुंबई के सरफराज खान ने अपना 17वां फर्स्ट क्लास शतक लगा दिया। वहीं अभिमन्यु ईस्वरन डिंक्स ब्रेक के कारण रन आउट हो गए। ईस्वरन ड्रिंक्स ब्रेक के कारण रन आउट बंगाल के कप्तान अभिमन्यु ईस्वरन के विकेट पर विवाद हुआ। 41वें ओवर की आखिरी गेंद आदित्य कुमार ने फेंकी। सुदीप चटर्जी ने गेंदबाज की ओर बॉल पुश कर दी। ईस्वरन को लगा कि ओवर खत्म हुआ और ड्रिंक्स हो गया। इसलिए वे क्रीज से बाहर निकलकर पवेलियन की ओर ड्रिंक्स के लिए जाने लगे। ईस्वरन रन नहीं लेना चाह रहे थे, लेकिन गेंद गेंदबाज के हाथ से लगकर स्टंप्स से टकरा गई।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

आवश्यकता है
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता
ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

फार्म हाउस
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

आवश्यकता
में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

खरीदना है
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
श्री गोपाल हाड़ वैद्य
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

भूमि बेचना है
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

बेचना है
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

किराए से देना है
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पता: 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइल: 9425056656 9111175000

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर

# सात पैसे टूटा



## लैंबोर्गिनी ने 2025 में बेची 111 वाहन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

विनिर्माण क्षेत्र में गुणवत्ता को प्राथमिकता देने को बढ़ावा देने पर सरकार का जोर है। इसके तहत सरकार लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को समर्थन देने हेतु गुणवत्ता प्रमाणन शुल्क में दी जाने वाली छूट को वर्तमान समयसीमा से तीन साल आगे बढ़ाने जा रही है।

भारतीय मानक ब्यूरो ने प्रस्ताव पेश किया है। इसके अंतर्गत सूक्ष्म इकाइयों को 80 फीसदी, लघु उद्यमों को 50 व मध्यम आकार की कंपनियों को 20 फीसदी शुल्क में छूट दी जाएगी। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव भरत खेरा ने कहा, प्रस्ताव के लागू होने की संभावना है। यह छूट तीन वर्षों तक रहेगी। विकसित भारत विनिर्माण दृष्टिकोण को साकार करने के लिए अनुपालन आधारित गुणवत्ता मानकों से संस्कृति आधारित गुणवत्ता मानकों की ओर बढ़ना होगा। बीआईएस ने 23,000 से अधिक मानक प्रकाशित किए हैं। इनमें 95 फीसदी अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हैं। कार्यान्वयन संबंधी चुनौतियां बनी हुई हैं, विशेष रूप से एमएसएमई के लिए जो बीआईएस लाइसेंसधारियों का 80 फीसदी हिस्सा हैं।

डॉलर के मुकाबले रुपया 7 पैसे टूटकर 90.97 के सार्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी और धातु आयातकों में अमेरिकी डॉलर की मांग बढ़ने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई, जिससे रुपये पर दबाव बढ़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में स्थानीय मुद्रा 90.91 पर खुली और बंद होने से पहले 91.06 के निचले स्तर पर पहुंच गई।

भारत के 38% पशुपालक दूध नहीं बेचते, जानें तीन करोड़ पशुपालकों से जुड़ी रिपोर्ट में क्या

# दूध नहीं, गोबर व खेती है प्राथमिकता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत के 38% पशुपालक दूध नहीं बेचते, बल्कि गोबर और घरेलू उपयोग के लिए मवेशी पालते हैं। सीईईडब्ल्यू की नई स्टडी में सामने आया कि पॉलिसी को सिर्फ डेयरी तक सीमित रखना गलत होगा। आइए इस बारे में जानें।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और यहां डेयरी सेक्टर को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है। लेकिन एक नई स्टडी ने इस धारणा को चुनौती दी है कि हर पशुपालक का मुख्य उद्देश्य केवल दूध बेचना होता है। 'काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर' की ताजा रिपोर्ट बियान्ड द पेलः इंडियाज नन डेयरी कैटल इकोनॉमी के मुताबिक, देश के एक तिहाई से अधिक (38%) पशुपालक दूध बेचते ही नहीं हैं। उनके लिए मवेशी पालने की मुख्य वजह घरेलू पोषण, गोबर और खेती में मदद है। यह रिपोर्ट नीति निमार्ताओं के लिए एक बड़ा संकेत है कि भारत की 'गौधन अर्थव्यवस्था' को केवल डेयरी उत्पादन के चश्मे से देखना काफी नहीं होगा।

स्टडी से पता चलता है कि मवेशी पालन का मकसद दूध बेचने से ज्यादा कुछ और ही है। गोबर और ड्राफ्ट पावरः राष्ट्रीय स्तर पर लगभग 7% (56 लाख) पशुपालक ऐसे हैं जो मवेशियों को पूरी तरह से गैर-दूध उद्देश्यों- जैसे गोबर, खेती के काम या जानवरों की खरीद-बिक्री- के लिए रखते हैं।

**सामाजिक-सांस्कृतिक वजहें:** हिमाचल, आंध्र प्रदेश और असम में 15% से अधिक लोग सामाजिक-धार्मिक कारणों से मवेशी रखते हैं।

**प्राथमिकता:** जब लाभों की रैंकिंग की गई, तो 34% ने घरेलू दूध खपत को और 20% ने गैर-दूध कारणों को अपनी पहली प्राथमिकता बताया।


**चुनौतियां:** चारा महंगा और योजनाओं की जानकारी नहीं रिपोर्ट ने जमीनी स्तर पर पशुपालकों की चुनौतियों को भी उजागर किया हैः

**जागरूकता की कमी:** करीब तीन-चौथाई किसान चारे की कीमत से जूझ रहे हैं, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से 80% पशुपालकों को सरकार की 'साइलेज' और 'राशन-बैलेंसिंग' जैसी हस्तक्षेप योजनाओं की जानकारी ही नहीं है।

**वेटनरी सेवाएं:** पंजाब में पशु चिकित्सालयों की संख्या अधिक है, जबकि आंध्र प्रदेश में मोबाइल डिस्पेंसरी ज्यादा हैं। इसका असर यह है कि आंध्र में पशु स्वास्थ्य संबंधी बाधाएं कम रिपोर्ट की गई हैं।

**आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन (एआई):** देसी गायों के मामले में एआई को अपनाने की दर केवल 34% है, जबकि क्रॉस-ब्रीड के लिए यह 76% है।

- भारत में दूध का जीडीपी में योगदान करीब 5% है और यह आठ करोड़ किसानों की आजीविका का साधन है। लेकिन सीईईडब्ल्यू ने सिफारिश की है कि सरकार को 'वन-साइज-फिट्स-ऑल' (एक ही लाठी से सबको हांकने) वाली नीतियों से बचना चाहिए।
- **पॉलिसी शिफ्ट:** रिपोर्ट के अनुसार 75% पशुपालक गोबर को मुख्य प्रेरणा मानते हैं, इसलिए गोबर आधारित वैल्यू क्रिएशन (जैसे बायोगैस, वर्मीकम्पोस्ट) के अवसरों को बढ़ाना चाहिए।
- **इन्फ्रास्ट्रक्चर:** राजस्थान, झारखंड और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में जहां किसान अपने पशुधन को बढ़ाना चाहते हैं, वहां सहायक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की जरूरत है।
- रिपोर्ट के निष्कर्ष से साफ पता चलता है कि भारत का पशुपालन क्षेत्र सिर्फ 'सफेद क्रांति' (दूध के उत्पादन) तक सीमित नहीं है। अगर ग्रामीण इलाकों की आय बढ़ानी है, तो नीतियों में उन तीन करोड़ किसानों को भी केंद्र में रखना होगा जो दूध नहीं, बल्कि खाद और खेती के लिए पशु पालन कर रहे हैं।



### तीन करोड़ किसान दूध बिक्री को नहीं देते तरजीह

- सीईईडब्ल्यू ने 15 राज्यों के 7,350 परिवारों का सर्वेक्षण किया, जो देश की 91% मवेशी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। आइए इस बारे में जानें।
- **बड़ा आंकड़ा:** रिपोर्ट बताती है कि लगभग 38% पशुपालक- यानी करीब 3 करोड़ लोग- दूध बेचने के उद्देश्य से मवेशी नहीं पालते।
- **क्षेत्रीय विविधता:** झारखंड में यह आंकड़ा सबसे चौंकाने वाला है, जहां 71% पशुपालक दूध बिक्री में शामिल नहीं हैं। पश्चिम बंगाल और हिमाचल प्रदेश में यह संख्या 50% से अधिक है।
- **विकसित राज्यों का हाल:** महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों में, जहां डेयरी सेक्टर काफी संगठित है, वहां भी 30% से अधिक पशुपालक दूध के अलावा अन्य लाभों (गोबर और

टॉप-8 शहरों में

## 12 प्रतिशत घटी मकानों की बिक्री

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश के शीर्ष-8 प्रमुख शहरों में कुल आवासीय बिक्री 2025 में 12 फीसदी घटकर 3,86,365 इकाई रही। हालांकि, दक्षिण भारत के प्रमुख शहरों बंगलूरू, हैदराबाद और चेन्नई में बिक्री 15 फीसदी बढ़कर 1.33 लाख इकाई से अधिक पहुंच गई।?2024 में इन प्रमुख शहरों में कुल 4,36,992 मकान बिके थे।?
रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी प्रॉपटाइगर के आंकड़ों के मुताबिक, मुंबई क्षेत्र, दिल्ली-एनसीआर, पुणे और अहमदाबाद में आवासीय बिक्री में गिरावट दर्ज की गई। ऑरम प्रॉपटेक के कार्यकारी निदेशक ओंकार एस ने कहा, 2025 मांग में गिरावट का नहीं, बल्कि पुनर्संयोजन का वर्ष रहा। खरीदार सक्रिय रहे, लेकिन अधिक सोच-समझकर निर्णय लिए गए। वहीं, डेवलपर ने आपूर्ति को अनुशासित ढंग से प्रबंधित किया। इसलिए, कम बिक्री के बावजूद कीमतें स्थिर बनी रहीं। उन्होंने कहा, दक्षिण भारत के तीन शहरों में बेहतर आपूर्ति एवं मजबूत मांग के दम पर प्रदर्शन बेहतर रहा।
नई दिल्ली। उड़ानों में व्यवधान और नए श्रम संहिता के लागू होने से इंडिगो को दिसंबर तिमाही में 549 करोड़ का शुद्ध लाभ हुआ है। यह एक साल पहले की समान अवधि के 2,449 करोड़ की तुलना में 78 फीसदी कम है। तीसरी तिमाही में कंपनी को 1,546.5 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इसमें उड़ान व्यवधानों से 577 करोड़ व नए श्रम कानूनों के लागू होने के कारण 969 करोड़ का नुकसान शामिल है। डाक विभाग ने चालू वित्त वर्ष में राजस्व में 30 फीसदी की वृद्धि का लक्ष्य रखा है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, चालू वित्त वर्ष में हमें 17,546 करोड़ तक के राजस्व का अनुमान है। तीसरी तिमाही की समीक्षा से पता चलता है कि छह विभागों में से पांच में राजस्व बढ़ा है। अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण अंतरराष्ट्रीय डाक का राजस्व स्थिर रहा। सिंधिया ने कहा, 2024-25 में कुल राजस्व 13,240 करोड़ रुपये था। विद्युत वितरण नेटवर्क ने पांच लाख सर्किट किलोमीटर का आंकड़ा पार कर लिया है। इसमें 220 किलोवोल्ट और उससे अधिक की उच्च वोल्टेज ऊर्जा ले जाने व 1,407 गीगावोल्ट एम्पीयर की रूपांतरण क्षमता है। राजस्थान नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र से नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी के लिए भादला द्वितीय से सीकर द्वितीय सबस्टेशन तक 765 किलोवोल्ट की 628 सर्किट किमी ट्रांसमिशन लाइन चालू की गई है।

वैश्विक आईटी सेवा क्षेत्र में भारत का दबदबा

# शीर्ष-25 में 8 देसी कंपनियां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

वैश्विक सूचना प्रौद्योगिकी यानी आईटी सेवा क्षेत्र में एक बार फिर भारत ने अपना दबदबा साबित किया है। देसी कंपनी टीसीएस और इन्फोसिस दुनिया के दूसरे और तीसरे सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड में शुमार हैं।

वैश्विक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवाओं के क्षेत्र में 2026 में भी भारतीय कंपनियों का दबदबा कायम है। खास बात है कि वैश्विक आईटी रैंकिंग में भारत और अमेरिका करीब खड़े हैं। दुनियाभर की शीर्ष-25 आईटी सेवा कंपनियों में दोनों देशों की आठ-आठ संस्थाएं शामिल हैं।

ब्रांड फाइनेंस की नई रिपोर्ट के मुताबिक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस ने क्रमशः दुनिया के दूसरे एवं तीसरे सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा है। एक्सेंचर 42.2 अरब डॉलर के मूल्य (वैल्यू) के साथ लगातार आठवें साल सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड चुना गया।



रिपोर्ट में कहा गया है कि 21.2 अरब डॉलर के ब्रांड मूल्य वाले टीसीएस को प्रशंसा और विश्वसनीयता जैसे प्रमुख मानकों पर बेहद मजबूत स्कोर मिला है। यह इसे एक भरोसेमंद और विश्वसनीय कारोबारी साझेदार के रूप में स्थापित करता है। ब्रांड पर विचार और अनुशंसा के मामले में भी कंपनी का प्रदर्शन मजबूत रहा, जो दीर्घकालिक ग्राहक भरोसे को बनाए रखने की क्षमता दर्शाता है। 16.4 अरब डॉलर के ब्रांड मूल्य वाली इन्फोसिस बीते छह वर्षों में 15 फीसदी की सालाना चक्रवृद्धि दर के साथ सबसे तेजी से बढ़ने वाली आईटी सेवा कंपनी रही है। कंपनी को 100 में से 86.8 के स्कोर के साथ दुनिया का तीसरा सबसे मजबूत आईटी सेवा ब्रांड बताया गया है।

### शीर्ष-25 कंपनियों की ब्रांड वैल्यू 167.2 अरब डॉलर

रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 में दुनिया की शीर्ष-25 आईटी सेवा कंपनियों का संयुक्त ब्रांड मूल्य 167.2 अरब डॉलर रहा। इस सूची में आईबीएम कंसल्टिंग, कैपजेमिनी, एनटीटी डाटा, कॉग्निजेंट, ईपीएएम और जेनपैक्ट जैसी वैश्विक कंपनियां शामिल हैं।
**शीर्ष-10 में एचसीएल और विप्रो भी-** रिपोर्ट के मुताबिक, इस सूची में भारतीय आईटी कंपनियां एचसीएल टेक और विप्रो भी शीर्ष-10 में शामिल हैं। टेक महिंद्रा 12वें स्थान पर है। इसके अलावा, एलटीआई माइंडट्री, पर्सिस्टेंट सिस्टम्स और हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज ने भी शीर्ष-25 में जगह बनाई।
भारत सेमीकंडक्टर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में तेजी से मजबूत आधार तैयार कर रहा है और इसी वजह से वैश्विक उद्योग भारत को एक भरोसेमंद आपूर्ति-शृंखला साझेदार के रूप में देख रहा है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह बात दावोस में विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के दौरान कही।

15 जनवरी तक चालू थीं 518 मिलें

## गन्ने की अधिक आपूर्ति से चीनी उत्पादन 22 फीसदी बढ़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली


गन्ने की अधिक आपूर्ति और बेहतर पैदावार से चीनी उत्पादन में तेज उछाल आया है और चालू सत्र में 15 जनवरी तक उत्पादन 22 फीसदी बढ़ चुका है। हालांकि उत्पादन बढ़ने के बावजूद चीनी के दाम गिर रहे हैं, जिससे मिलों की आर्थिक स्थिति पर दबाव बढ़ रहा है और किसानों के भुगतान में देरी के संकेत मिल रहे हैं। रिकॉर्ड उत्पादन के बीच क्या सरकार एमएसपी बढ़ाकर मिलों और किसानों दोनों को राहत दे पाएगी?

गन्ने की अधिक आपूर्ति और बेहतर पैदावार के चलते देश का चीनी उत्पादन 2025-26 सत्र में 15 जनवरी तक सालाना आधार पर 22 फीसदी बढ़कर 1.59 करोड़ टन पहुंच गया। एक साल पहले की समान अवधि में देशभर में 1.3 करोड़ टन चीनी का उत्पादन हुआ था। उद्योग संगठन भारतीय चीनी एवं बायो-ऊर्जा विनिमार्ता संघ (इस्मा) ने मंगलवार को बताया, इस साल 15 जनवरी तक लगभग 518 चीनी मिलें चालू थीं, जबकि एक साल पहले यह संख्या 500 थी। देश में चीनी का सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन सालाना आधार पर 42.7 लाख टन से 51 फीसदी बढ़कर 64.5 लाख टन पहुंच गया। उत्तर प्रदेश में उत्पादन 42.8 लाख टन से बढ़कर 46 लाख टन के स्तर पर पहुंच गया। कर्नाटक का उत्पादन सालाना आधार पर बढ़कर 31 लाख टन पहुंच गया, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 27.5 लाख टन रहा था।

संस्था ने कहा, चीनी का भंडार बढ़ रहा है और संकेत मिल रहे हैं कि गन्ने के भुगतान का बकाया बढ़ना शुरू हो गया है। अगर मौजूदा हालात बने रहे तो यह और बढ़ सकता है। इस्मा ने वित्तीय स्थिरता बहाल करने और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए चीनी के न्यूनतम बिक्री मूल्य (एमएसपी) में जल्द संशोधन की मांग की है। इस्मा ने कहा, गन्ने की बढ़ती कीमतों और चीनी के दाम में गिरावट से मिलों की वित्तीय स्थिति खराब हो रही है।

## नगालैंड में 4 तीव्रता का भूकंप, केंद्र जमीन के 90 किमी नीचे था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली




नगालैंड के किफाइर में शुक्रवार सुबह 4 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र धरती के 90 किलोमीटर नीचे रहा।

ठउर ने पर पोस्ट कर इसकी जानकारी शेयर की। अभी तक भूकंप से किसी के घायल होने या किसी नुकसान की सूचना नहीं है।

## कर्नाटक के हुबली में मॉल में आग लगी, दो फ्लोर में फर्नीचर-कपड़े जलकर राख

कर्नाटक के हुबली में मराठा गली स्थित सुखासागर मेट्रो मॉल में गुरुवार रात को भीषण आग लग गई। मॉल का चौथा और पांचवां फ्लोर में फैली है। आग से फर्नीचर, कपड़े और अन्य रिटेल सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हुबली-धारवाड़ पुलिस कमिश्नर एन. शशिकुमार ने मौके का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि आग बुझाने के लिए तीन फायर इंजन पहले ही मॉल में तैनात हैं, जबकि आसपास के इलाकों से अतिरिक्त वाहन और दमकल टीमें भेजी जा रही हैं। आग लगातार तीन घंटे से अधिक समय से जल रही है।

आग चौथे फ्लोर से शुरू हुई और ऊपर के फ्लोर तक फैल गई। प्रत्येक फ्लोर पर लगभग 4,000-5,000 वर्ग फीट क्षेत्र प्रभावित हुआ। स्थानीय लोगों का अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी।


### अमेरिकी रिपोर्ट में इलेक्ट्रिकल फेलियर की आशंका; 270 लोगों की मौत हुई थी

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश- विमान में पहले से खराबी थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अहमदाबाद में 12 जून 2025 को क्रैश हुए एअर इंडिया के बोइंग 787 विमान में पहले से कई गंभीर तकनीकी दिक्कतें थीं। चार साल पहले प्लेन में आग भी लगी थी।

अमेरिका स्थित फाउंडेशन फॉर एविएशन सेफ्टी ने दावा किया है कि विमान में इलेक्ट्रिकल सिस्टम फेल होने से एक के बाद एक कई सिस्टम बंद हुए। हो सकता है कि यही हादसे की वजह बना हो। विमान टेकऑफ के कुछ ही सेकेंड बाद अहमदाबाद के रिहायशी



इलाके में गिर गया था। इस हादसे में 270 लोगों की मौत हुई थी। सिर्फ एक शख्स जिंदा बचा था। यह बोइंग 787 विमान 2014 से उड़ानों में इस्तेमाल हो रहा था। व्हिसलब्लोअर के दस्तावेजों के आधार पर संगठन का दावा है कि विमान में शुरूआत से ही बार-बार तकनीकी और सिस्टम से जुड़ी समस्याएं सामने आईं। रिपोर्ट में कहा गया कि 2022 में एक बार उड़ान के दौरान विमान में आग भी लगी थी। संभव है कि इससे विमान के अंदरूनी सिस्टम को नुकसान पहुंचा हो। ऋष्ठर का कहना है कि ऐसी घटनाओं की जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई।

FAS का मुख्य दावा है कि हादसे की जड़ इलेक्ट्रिकल फेलियर हो सकता है। संगठन के मुताबिक आधुनिक विमानों में ज्यादातर सिस्टम बिजली और सॉफ्टवेयर से जुड़े होते हैं। ऐसे में बिजली सप्लाई में खराबी आने पर कई सिस्टम एक साथ बंद हो सकते हैं।

FAS ने कहा कि विमान की तकनीकी हालत और कॉकपिट वॉइस रिकॉर्डिंग से जुड़ा पूरा डेटा अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। इनके बिना यह साफ नहीं हो पा रहा कि सिस्टम किस क्रम में फेल हुए।

## बांग्लादेश में पाकिस्तान समर्थक इस्लामिक पार्टी सरकार बना सकती है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बांग्लादेश में अगले महीने होने वाले आम चुनाव में एक बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिल सकता है। लंबे समय तक राजनीति से बाहर रही पाकिस्तान समर्थक कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी पहली बार सरकार बनाने के बेहद करीब पहुंचती नजर आ रही है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक हाल ही में हुए दो अलग-अलग सर्वे में जमात देश की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। वह पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (इठढ) को कड़ी टक्कर दे रही है। बांग्लादेश में 12 फरवरी को 300 सीटों संसदीय पर आम चुनाव होंगे। जमात-ए-इस्लामी वही पार्टी है जिसने 1971 में बांग्लादेश की आजादी का विरोध किया था और पाकिस्तानी सेना का साथ दिया था। देश की आजादी के बाद 1972 में इस पर बैन लगा दिया गया था। यह बैन 1975 में हटाया गया और 1979 में जियाउर रहमान के शासन में पार्टी को चुनाव में भाग लेने की अनुमति मिली। जमात के प्रमुख शफीकुर रहमान का कहना है कि उनकी पार्टी अब विरोध और टकराव की राजनीति नहीं बल्कि लोगों के हितों की राजनीति कर रही है। उन्होंने मेडिकल कैंप लगाने, बाढ़ पीड़ितों की मदद करने और आंदोलन में मारे गए लोगों के परिवारों को सहायता देने की बात कही।

## कार्यालय कलेक्टर जिला उज्जैन

**राजस्व प्रकरण क्रमांक : 0030/अ-82/2025-26**

**क्रमांक : 408/भू-अर्जन/2025** **उज्जैन, दिनांक : 16.01.2026**

### प्रारंभिक अधिसूचना

**''भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013''**
**(क्रमांक 30 सन् 2013) अन्तर्गत धारा- 11**

चूँकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक (1) में इन्दौर-उज्जैन के मध्य 4-लेन मय पेव्डह शोल्डर ग्रीनफील्ड़ निर्माण के लिए भू-अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित वर्णित भूमि जिसका सर्वे क्रमांक वार का विवरण अनुसूची (2) में उल्लेखित है। निम्नवर्णित अनुसूची (2) के खाने (1) से (5) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अत: भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि कोई भी व्यक्ति - इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अधिनियम के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने तक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा, या कोई संव्यवहार नहीं कराएगा अथवा ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अध्याय के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने के समय उस भूमि पर कोई विलंगम सृजित नहीं करेगा। राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (4) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के सम्बंध में धारा-12 द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है।

यह कार्य इन्दौर-उज्जैन के मध्य 4-लेन मय पेव्डह शोल्डर ग्रीनफील्ड निर्माण के लिए है, जो मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग मंत्रालय, भोपाल से स्वीकृत है। अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत सामाजिक समाघात निर्धारण किया गया, जिसका मूल्यांकन भू-अर्जन अधिनियम की धारा 7 के तहत विशेषज्ञ समूह द्वारा कराया गया, विशेषज्ञ समूह द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि उक्त परियोजना का निर्माण होने से स्थानीय क्षेत्र का विकास होगा, यह परियोजना क्षेत्रीय विकास के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। परियोजना निर्माण से क्षेत्र का आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा जो कि लोकहित में है। साथ ही समूह द्वारा परियोजना में किसी भी परिवार का विस्थापित नहीं होना प्रतिवेदित किया गया है जिससे अधिनियम की धारा 43 के तहत प्रशासक की नियुक्ति, आवश्यक नहीं है।

**अनुसूची-1**

| विवरण | अर्जित की जाने वाली भूमि का कुल क्षेत्रफल हेक्टर में |
|---|---|
| इन्दौर-उज्जैन के मध्य 4-लेन मय पेव्डह शोल्डर ग्रीनफील्ड निर्माण | **1.933 हेक्टर** |

**अनुसूची-2**

**(1) भूमि का विवरण**
(क) जिला :- उज्जैन
(ख) तहसील :- उज्जैन नगर
(ग) ग्राम **:- कस्बा उज्जैन**
(घ) निजी भूमि का अर्जित कुल क्षेत्रफल **:- 1.933 हेक्ट.**

| क्र. सं. | सर्वेक्षण संख्या | अर्जन हेतु निजी भूमि रकबा (हेक्टे.में) | धारा-12 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 3293/1/3 | 0.140 | संभागीय प्रबंधक म.प्र. सड़क विकास निगम इन्दौर (म.प्र.) | इन्दौर-उज्जैन के मध्य 4-लेन मय पेव्डह शोल्डर ग्रीनफील्ड निर्माण |
| 2 | 3293/1/2 | 0.282 | | |
| 3 | 3293/2/2/1 | 0.028 | | |
| 4 | 3293/2/2/2/1/1 | 0.028 | | |
| 5 | 3293/2/2/2/2 | 0.050 | | |
| 6 | 3293/2/3 | 0.204 | | |
| 7 | 3296/1 | 0.038 | | |
| 8 | 3297/1 | 0.110 | | |
| 9 | 3297/2 | 0.096 | | |
| 10 | 3303/1/1/2 | 0.325 | | |
| 11 | 3303/4/1 | 0.050 | | |
| 12 | 3306/1/3 | 0.572 | | |
| 13 | 3307/1 | 0.010 | | |
| **कुल रकबा** | | **1.933** | | |

अधिनियम की धारा-15(1) के अधीन यथा उपबंधित **इस सूचना की तारीख से 60(साठ) दिनों के भीतर** किसी भी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के संबंध में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुभाग उज्जैन के समक्ष में आक्षेपों यदि कोई हो फाइल किया जा सकेगा। **भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुभाग उज्जैन** कार्यालय में देखा जा सकता है।

**म.प्र. के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**
**हस्ता./- (रौशन कुमार सिंह),**
**कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव**
**म.प्र. शासन राजस्व विभाग, जिला उज्जैन (म.प्र.)**

म.प्र. माध्यम/124099/2026

# भारत में प्रदूषण से हर साल 17 लाख मौतें

## 30 लाख करोड़ का नुकसान, हार्वर्ड प्रोफेसर बोलीं- ये टैरिफ से बड़ा खतरा, फिर भी ध्यान नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर गीता गोपीनाथ ने कहा कि वर्ल्ड बैंक की 2022 की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर साल करीब 17 लाख लोगों की मौत प्रदूषण के कारण होती है। यह देश में होने वाली कुल मौतों का लगभग 18% है।

उन्होंने बुधवार को दावोस में भारतीय मीडिया से बात करते हुए पॉल्यूशन को भारत के लिए टैरिफ से ज्यादा बड़ा खतरा बताया है। गीता यहां वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (हएत्र्) की मीटिंग में शामिल होने पहुंची थीं। उन्होंने कहा कि जब नए कारोबार और आर्थिक विकास की बात होती है, तो चर्चा ज्यादातर व्यापार, टैरिफ और नियमों तक सीमित रहती है, जबकि प्रदूषण को उतनी अहमियत नहीं दी जाती। पिछले साल लैंसेट काउंटडाउन की रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत को बाहर की हवा (ढट2.5, धुआं, गाड़ियों का प्रदूषण, फैक्ट्रियां) के प्रदूषण से करीब 30 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।



### प्रदूषण से देश के विकास को लंबे वक्त का नुकसान

गीता गोपीनाथ ने बताया कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौत से परिवारों पर असर पड़ता है, कामकाजी लोगों की संख्या घटती है और देश के लंबे समय के विकास को नुकसान होता है। गीता ने बताया कि भारत में प्रदूषण एक बड़ी चुनौती है और इसका असर अब तक लगाए गए किसी भी टैरिफ से कहीं ज्यादा नुकसान पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण की वजह से लोगों की काम करने की क्षमता घटती है, इलाज पर खर्च बढ़ता है और देश की आर्थिक गतिविधियों पर बुरा असर पड़ता है। इससे विकास की रफ्तार धीमी होती है। प्रदूषण सिर्फ भारत की अंदरूनी समस्या नहीं है, बल्कि यह उन विदेशी निवेशकों के लिए भी चिंता का विषय है जो भारत में इन्वेस्ट करने के बारे में सोच रहे हैं। गीता गोपीनाथ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय निवेशक जब भारत में कारोबार शुरू करने और यहां रहने की योजना बनाते हैं, तो वे पर्यावरण को भी ध्यान में रखते हैं। खराब हवा और खराब रहने की स्थिति, खासकर सेहत से जुड़े खतरे, निवेशकों को रोक सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह चिंता उन भारतीयों के लिए और भी ज्यादा है जो रोज प्रदूषित शहरों में रहते और काम करते हैं। प्रदूषण पर कंट्रोल और नियमों में ढील जैसे मुद्दों पर तुरंत पॉलिसी लेवल पर कदम उठाने की जरूरत है।

## WHO का 2 हजार 380 करोड़ बकाया; अमेरिका बोला- भुगतान नहीं करेंगे, जरूरत से ज्यादा दे चुके

# अमेरिका आज वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की मेंबरशिप छोड़ेगा

**ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन**

अमेरिका आज आधिकारिक तौर पर वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन से बाहर हो जाएगा। अमेरिका पर डब्ल्यूएचओ की करीब 2 हजार 380 करोड़ रुपए से ज्यादा की फीस बकाया है। हालांकि, ट्रम्प प्रशासन का कहना है कहा कि वे कोई भुगतान नहीं करेंगे क्योंकि डब्ल्यूएचओ को पहले ही जरूरत से ज्यादा दिया गया है।

एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस फैसले से अमेरिका के साथ-साथ दुनिया के हेल्थ सिस्टम पर असर पड़ सकता है। इसे अमेरिकी कानून के खिलाफ भी माना जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2025 में राष्ट्रपति बनने के पहले ही दिन हल्ड से बाहर होने का फैसला किया था।

गुरुवार को अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि डब्ल्यूएचओ बीमारियों को रोकने, संभालने और जानकारी शेयर करने में नाकाम रहा है। उन्होंने कहा कि इससे अमेरिका को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ। विश्व स्वास्थ्य संगठन यूनाइटेड नेशन की एक खास एजेंसी है, जो वैश्विक स्वास्थ्य से जुड़े मामलों पर काम करती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन यूनाइटेड नेशन की एक खास एजेंसी है, जो वैश्विक स्वास्थ्य से जुड़े मामलों पर काम करती है। अमेरिकी कानून के मुताबिक किसी अंतरराष्ट्रीय संगठन से बाहर होने के लिए एक साल पहले नोटिस देना और सभी बकाया भुगतान करना जरूरी होता है।

हालांकि, अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी ने इस बात का खंडन किया कि कानून में ऐसी कोई शर्त है कि निकासी से पहले कोई भी भुगतान करना जरूरी है। अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपति ने हल्ड को भविष्य में दी जाने वाली किसी भी तरह की अमेरिकी सरकारी मदद और संसाधनों पर रोक लगा दी है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी लोग पहले ही संगठन को काफी पैसा दे चुके हैं। पिछले एक साल से कई ग्लोबल हेल्थ एक्सपर्ट्स अमेरिका से इस फैसले पर दोबारा विचार करने की अपील कर रहे हैं। इसी महीने हल्ड प्रमुख टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका फिर से डब्ल्यूएचओ में शामिल होगा और उसका बाहर जाना अमेरिका और दुनिया दोनों के लिए नुकसान है। एक्सपर्ट्स ने कानून का उल्लंघन बताया डब्ल्यूएचओने बताया है कि अमेरिका ने 2024



और 2025 की फीस अब तक नहीं दी है। फरवरी में होने वाली हल्ड की कार्यकारी बोर्ड बैठक में अमेरिका के बाहर जाने और उसके असर पर चर्चा होगी।

जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ लॉरेंस गोस्टिन ने कहा कि यह साफ तौर पर अमेरिकी कानून का उल्लंघन है, लेकिन इसके बावजूद ट्रम्प इससे बच सकते हैं। दावोस में रॉयटर्स से बातचीत में गेट्स फाउंडेशन के प्रमुख बिल गेट्स ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि अमेरिका जल्दी हल्ड में लौटेगा। उन्होंने कहा कि वह इसके लिए आवाज उठाते रहेंगे, क्योंकि दुनिया को हल्ड की जरूरत है। अमेरिका के बाहर जाने से हल्ड को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने अपनी मैनेजमेंट टीम आधी कर दी है और कई गतिविधियों में कटौती की है।

## ब्राजील के राष्ट्रपति फरवरी में भारत आएंगे

**ब्रह्मास्त्र ›› ब्रिसबेन**

पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने ग्लोबल साउथ के हितों को आगे बढ़ाने और ट्रम्प प्रशासन की आर्थिक नीतियों से निपटने पर चर्चा की। पीछले छह महीने में यह पीएम मोदी और लूला के बीच तीसरी बातचीत है। मोदी से बातचीत के बाद लूला ने  पर पोस्ट कर जानकारी दी कि वे 19 से 21 फरवरी के बीच भारत दौरे पर रहेंगे। उनके दौरे के दौरान ब्राजील-भारत बिजनेस फोरम आयोजित किया जाएगा। साथ ही नई दिल्ली में अढए ऑफिस का उद्घाटन भी किया जाएगा, जिससे व्यापार और निवेश सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने  पर लिखा कि लूला से बात करके खुशी हुई। दोनों नेताओं ने भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी में अब तक आई मजबूत गति की समीक्षा की और इसे आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। मोदी ने कहा कि वे जल्द भारत में लूला का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।

# हिटलर के बाद सबसे ताकतवर सेना बनाने में जुटा जर्मनी

### युवाओं को 2.5 लाख महीने का ऑफर, ट्रम्प का धोखा और पुतिन से डर इसकी वजह

**ब्रह्मास्त्र ›› बर्लिन**

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जर्मनी ने लंबे समय तक सैन्य ताकत से दूरी बनाए रखी, लेकिन अब उसने सेना पर खर्च बढ़ा दिया है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक जर्मन सरकार यूरोप की सबसे ताकतवर सेना बनाने के मिशन पर निकल चुकी है।

युवाओं को सेना में लाने के लिए करीब 2.5 लाख महीने तक का ऑफर दिया जा रहा है। रूस के बढ़ते खतरे और ट्रम्प के दौर में अमेरिका से टूटते भरोसे ने जर्मनी को यह एहसास दिला दिया है कि अब अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी उसे खुद ही उठानी होगी।

जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज मई 2025 में एक सैन्य समारोह में सैनिकों का हौसला बढ़ाने के लिए पहुंचे थे। जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज मई 2025 में एक सैन्य समारोह में सैनिकों का हौसला बढ़ाने के लिए पहुंचे थे।

### हर युवा को फिटनेस सर्टिफिकेट भरना होगा

रिपोर्ट के मुताबिक इस साल की शुरूआत से ही जर्मनी में 18 साल के लड़कों को एक जरूरी फॉर्म भेजा जा रहा है। इसमें उनसे पूछा जा रहा है कि वे सेना में जाने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से कितने सक्षम हैं।

यह नियम पिछले महीने पास हुए एक नए कानून के बाद लागू किया गया है। वहां पर सेना में भर्ती होना स्वैच्छिक (इच्छा से) है, लेकिन नया कानून सरकार को यह अधिकार देता है कि अगर जरूरत पड़ी तो जरूरी सैन्य सेवा भी लागू की जा सकती है। सरकार का मकसद यूरोप की सबसे ताकतवर सेना बनाना है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली बार होगा।



### जर्मनी की बढ़ती ताकत से रूस परेशान

रिपोर्ट के मुताबिक जर्मनी की बढ़ती सैन्य ताकत रूस को परेशान कर रही है। जर्मनी में रूस के राजदूत सर्गेई नेचायेव ने पिछले महीने एक इंटरव्यू में कहा, जर्मनी की नई सरकार रूस से संभावित युद्ध की तैयारी तेज कर रही है। जर्मनी का कहना है कि रूस का यूक्रेन से पीछे हटने से इनकार ही इसकी वजह है। इसी वजह से जर्मनी इस साल सेना के रिस्ट्रक्चर पर 108 अरब यूरो (करीब 9 लाख 70 हजार करोड़ रुपए) खर्च कर रहा है। यह देश की ऋद्ध का 2.5 फीसदी है और 2021 के 48 अरब यूरो के बजट से दोगुना से भी ज्यादा है। ग्राफ ने कहा, 2030 तक जर्मनी अपने GDP का 3.5 फीसदी खर्च डिफेंस कर करेगा। दिसंबर में हुए एक सर्वे के मुताबिक, 10 में से 8 जर्मन नागरिक मानते हैं कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन युद्ध में शांति समझौते को लेकर गंभीर नहीं हैं। बहुत से लोग अब खुफिया एजेंसियों की चेतावनियों पर भरोसा करने लगे हैं कि रूस भविष्य में ठअळड देशों पर भी हमला कर सकता है।

### युवाओं को सेना में शामिल होने के लुभावने ऑफर

जर्मन सेना (बुंडेसवेयर) में पिछले साल नवंबर तक एक्टिव आर्मी की संख्या 1 लाख 84 हजार थी। मई से नवंबर 2025 के बीच इसमें 25,000 का इजाफा किया गया। मई में ही चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने संसद से कहा था कि जर्मन सेना को ह्ययूरोप की सबसे मजबूत सेनाह्न बनना होगा। बुंडेसवेयर के सैन्य इतिहासकार टीमो ग्राफ ने अल जजीरा से कहा कि बहुत लंबे समय के बाद सेना इतनी बड़ी हुई है। सरकार युवाओं को 23 महीने की अनिवार्य सेवा के लिए आकर्षक प्रस्ताव दे रही है। इसमें अच्छी तनख्वाह और कई सुविधाएं शामिल हैं। वेतन 2,600 यूरो (करीब 2.5 लाख रुपए) है। रहने की जगह मुफ्त है, इलाज मुफ्त है। टैक्स कटने के बाद भी करीब 2,300 यूरो (2 लाख रुपए) बचते हैं। युवाओं के लिए यह बहुत बड़ी रकम है।ह्व जर्मनी ने ठअळड से वादा किया है कि 2035 तक उसके बाद 2 लाख 60 हजार एक्टिव सैनिक हो जाएंगे। इसके अलावा उसके पास 2 लाख रिजर्व सैनिक भी होंगे। इससे सेना की कुल संख्या करीब 5 लाख के करीब हो जाएगी। यह शीत युद्ध के अंत (90 के दशक की शुरूआत) के समय के बराबर होगी।


**कार्यालय कलेक्टर जिला उज्जैन एवं समुचित सरकार**
**मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग**

**राजस्व प्रकरण क्रमांक : 0071/अ-82/2024-25**

**क्रमांक : 556/भू-अर्जन/2026** **उज्जैन, दिनांक : 16.01.2026**

**सार्वजनिक/व्यापक सूचना**

**'भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013' (क्रमांक 30 सन् 2013) अन्तर्गत धारा -21**

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि, ग्राम चिंतामन जवासिया तहसील व जिला उज्जैन की भूमि का अधिग्रहण सार्वजनिक प्रयोजन अर्थात इन्दौर-उज्जैन ग्रीनफिल्ड 4-लेन निर्माण हेतु भू-अर्जन अधिनियम 2013 द्वारा किया जा रहा है, अत: आप स्वयं अथवा अपने अधिकृत मुख्त्यार के मार्फत उपस्थित होकर अधोलिखित वर्णित भूमि पर अपने हित, अधिकार, मुआवजा, राशि के में हित संबंधी दावे तथा भूमि के परिमाप/नप्ती संबंधी अथवा अन्य आपत्ति (यदि कोई हो) मय अभिलेखों, दस्तावेजों, एवं प्रमाणों के साथ जारी होने की दिनांक से 30 दिवस तक **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) उज्जैन ग्रामीण जिला उज्जैन** में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। सूचना उपरांत अनुपस्थित रहने की दशा में यह माना जाकर कि, आपको कुछ नहीं कहना है व प्रकरण की कार्यवाही विवरण सही है, एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर निराकरण किया जावेगा :-

**अनुसूची-1**
**भूमि का वर्णन**

(क) जिला - उज्जैन
(ख) तहसील - उज्जैन
(ग) ग्राम - चिंतामन जवासिया
(घ) अर्जित रकबा - 0.568 हेक्ट.

**अनुसूची-2**
**निजी भूमि का विवरण**

| स. क्र. | भूमि स्वामी का नाम | खसरा नं. | अर्जित रकबा हेक्ट. | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1. | रामेश्वर पिता अमरसिंह, तेजूबाई बेवा अमरसिंह | 321/1 | 0.016 | |
| 2. | भगतसिंह पिता दौलतराम जाति आंजना | 333/2 | 0.020 | |
| 3. | ज्योति पति दिलीप | 326/2/3/2 | 0.064 | |
| 4. | अंतरसिंह पिता बद्रीलाल | 325/2 | 0.001 | |
| 5. | नो हाउ टेक्नोलॉजीज डायरेक्टर पूजा तल्लेरा पति संदेश तल्लेरा | 326/1/2 | 0.013 | |
| 6. | सन्नी ट्रैडर्स कार्यालय दानीगेट उज्जैन द्वारा प्रोपायटर चन्दा कोटवानी पति जवाहरलाल कोटवानी | 327/1/2 | 0.233 | |
| 7. | प्रमोदम क्लब एंड रिसोर्ट प्राइवेट लिमिटेड बलजीत अरोरा पिता जसवंत सिंह अरोरा जाति अरोरा | 396/1/1/2 | 0.059 | |
| 8. | | 397/1/1 | 0.003 | |
| 9. | | 398/1/2 | 0.007 | |
| 10. | मांगिलाल पिता माना | 400 | 0.032 | |
| 11. | जगदीश पिता भेरूलाल जाति बांछड़ा | 401/1 | 0.058 | |
| 12. | दीपक पिता रमेश जाति बांछड़ा, सुगनबाई बेवा रमेश जाति बांछड़ा, मीराबाई पिता रमेश जाति बांछड़ा, लक्ष्मीबाई पिता रमेश जाति बांछड़ा, | 401/2 | 0.062 | |
| | | **कुल रकबा** | **0.568** | |

**हस्ता/-**
**(रौशन कुमार सिंह)**
**कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव**
**म.प्र. शासन राजस्व विभाग, जिला उज्जैन (म.प्र.)**

म.प्र. माध्यम/124096/2026

## अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | ■ |

### बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

### ऊपर से नीचे

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | च | र | ज | ■ | गु | रु | कि |
| ध्व | ज | ■ | म | हि | ना | ■ | ■ | ना |
| र | ज | र | ■ | ज | य | जी | व | न |
| ■ | क | म | ला | ■ | ख | ■ | ■ | शो |
| म | ■ | ला | त | ■ | ला | ल | ■ | ला |
| मो | ■ | ■ | मा | ■ | ना | र | द | ■ |
| कश | ज | ब | र | जा | ■ | ह | र | प |
| ध | ■ | ■ | ना | का | रा | ■ | क | ण |
| ना | ट | क | ■ | य | ह | क | ना | ■ |

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 33 / 22 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | ग्रे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | च | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | ण | अ | सौ | थी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | य | आ | व | त | थि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | रा | र | अ | प | श |
| व | शि | या | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

सुरेश- पत्नी की तबीयत ठीक नहीं है, क्या करूं?

राजू- उसे अस्पताल के बदले साड़ी की दुकान में ले जाएं फिर भी आराम न आए तो उसे सुनार की दुकान में ले जाएं, तुरंत आराम मिलेगा.....

00000

पप्पू से गप्पू- मोहब्बत की दोनों निशानियां आगरा में है

पप्पू- वो कैसे?

गप्पू- मोहब्बत पूरी हो गई तो ताजमहल, अधूरी रह गई तो पागलखाना.....

00000

यात्री- क्या मैं यहां एक सिगरेट पी सकता हूं?

स्टेशन मास्टर- नहीं, यहां सिगरेट पीना सख्त मना है

यात्री- फिर यहां इतने सिगरेट के टुकड़े कैसे पड़े हैं?

स्टेशन मास्टर- ये उन लोगों ने फेंके हैं, जो पूछते नहीं हैं......

00000

पत्नी- सुनो जी, आपने कामवाली बाई को आई लव यू बोल दिया क्या?

पति- नहीं तो, क्यों क्या हुआ?

पत्नी- कल तक मुझे मेम साहब बुलाती थी,आज दीदी बुला रही है.....

00000

एक कंजूस पिता का बेटा अपनी गर्लफ्रेंड के साथ डेट पर गया

पिता (गुस्से में)- गधे डेट पर कितने रुपए खर्च किए तुने?


बेटा - 500 रुपए

पिता- 500 रुपए खर्च करते हुए तुझे शर्म नहीं आई

बेटा- वो इतने ही लेकर आई थी.....

00000

## रंग भरकर चित्र बनाओ






# क्या ICC बैन भी कर सकता है, भारत को कितना नुकसान

**BCCI को कभी बड़े भाई जैसा मानने वाले बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अब भारत में ही खेलने से मना कर दिया है। वहीं पाकिस्तान भी कह रहा है कि हम बांग्लादेश का साथ देंगे। भारत-श्रीलंका की मेजबानी में होने वाला ळ20 वर्ल्ड कप शुरू होने में महज 2 हफ्ते बाकी हैं। ऐसे में बांग्लादेश के बायकॉट से उसे क्या घाटा होगा, क्या पाकिस्तान भी मैच नहीं खेलेगा और भारत पर क्या असर पड़ेगा; बांग्लादेश के खिलाड़ियों को हर ळ20 मैच के लिए 2.5 टका यानी करीब 1.9 लाख रुपए मिलते हैं। जो खिलाड़ी ग्रुप स्टेज के सभी 4 मैच खेलता उसे 7.6 लाख रुपए मिलते। अब यह पैसे नहीं मिलेंगे। अभी बांग्लादेश की टीम ICC T20 रैंकिंग में 9वें स्थान पर है। यानी इसकी भी संभावना थी कि टीम दूसरे राउंड में पहुंचे, जिससे उसके खिलाड़ियों को और मैच खेलने को मिलते।**

# बांग्लादेश को करोड़ों का घाटा

## बांग्लादेश ने वर्ल्ड कप बायकॉट क्यों किया?

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड यानी इउइ ने सुरक्षा का हवाला देते हुए भारत में न खेलने का फैसला किया है। इउइ चाहता था कि उसके ळ20 वर्ल्ड कप मैच श्रीलंका में हों, लेकिन क्ळउ ने इससे इनकार कर दिया। बांग्लादेश के स्पोर्ट्स एडवाइजर आसिफ नजरुल ने कहा, ह्यहम वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं, लेकिन भारत में हमारे खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा को लेकर चिंता है ह्न सुरक्षा से जुड़ी इस वजह के अलावा बांग्लादेशी टीम के भारत न आने की 2 छिपी वजहें भी हैं-

### 1. मुस्तफिजुर रहमान को IPL से बाहर करना

IPL की टीम KKR ने बांग्लादेशी पेसर मुस्तफिजुर रहमान को 9.2 करोड़ रुपए में खरीदा, लेकिन भारत में इसका विरोध होने लगा। BCCI ने KKR से उन्हें रिलीज करने को कहा। 3 जनवरी को KKR ने ऐसा कर दिया। BCB ने इसे अपमान माना और IPL का टेलिकास्ट बैन कर दिया। यहीं से ये विवाद शुरू हुआ।



### 2. भारत-बांग्लादेश में बिगड़ते हालात और रिश्ते

पिछले कुछ महीनों में भारत और बांग्लादेश के डिप्लोमेटिक रिलेशंस बेहद खराब हुए हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा और हत्या होने के बाद भारत में बांग्लादेशी खिलाड़ियों और कलाकारों के विरोध की बात होने लगी। बिगड़ते माहौल का हवाला देते हुए बांग्लादेश सरकार ने टीम भेजने से मना कर दिया। हालांकि इउइ के प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम बुलबुल ने कहा कि हम ICC से एक बार फिर बात करेंगे और कहेंगे कि वे हमारी चिंताओं पर ध्यान दें। बांग्लादेश इस मसले पर अपनी लड़ाई जारी रखेगा। बांग्लादेश के बायकॉट के फैसले के बाद अब उसकी जगह स्कॉटलैंड की टीम T20 वर्ल्ड कप में खेल सकती है।

### बांग्लादेश वर्ल्ड T20 रैंकिंग में 9वें नंबर पर

बांग्लादेश ने पाकिस्तान से प्रभावित होकर फैसला तो ले लिया कि वह वर्ल्ड कप बायकॉट कर देगा, लेकिन क्ळउ में पाकिस्तान का फिर भी दबदबा है। भारत-पाकिस्तान मैच से पूरे वर्ल्ड कप का 25% तक रेवेन्यू आता है, लेकिन बांग्लादेश के साथ ऐसा नहीं है।




## क्या ICC बांग्लादेश टीम के खिलाफ कोई एक्शन ले सकती है?

**ICC के पास कार्रवाई का अधिकार है। ICC के नियमों के मुताबिक वर्ल्ड कप का बायकॉट, मेंबर्स पार्टिसिपेशन एग्रीमेंट के खिलाफ है। ऐसे मामलों में ICC आर्थिक दंड से लेकर सदस्यता निलंबन तक का फैसला ले सकती है।**

पहले भी ICC सख्त कदम उठा चुकी है। 2019 में जिम्बाब्वे क्रिकेट को राजनीतिक दखल के कारण निलंबित किया गया था, जिससे वह 2020 में कोई ICC टूनामेंट नहीं खेल सका।

अगर ICC को लगता है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने राजनेताओं के दबाव में फैसला लिया है, तो ICC के सदस्य के तौर पर उसके निलंबन पर सोचा जा सकता है। अगर बांग्लादेश टीम टूनामेंट से हटती है तो क्ळउ उसे ग्रुप स्टेज में भागीदारी पर मिलने वाले लगभग 3 लाख डॉलर भी नहीं देगी। इसके अलावा बोर्ड को क्ळउ से मिलने वाला 30-40 मिलियन डॉलर का सालाना हिस्सा भी रोका जा सकता है। इसके अलावा ICC भविष्य में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से बड़े टूनामेंट्स की मेजबानी का अधिकार भी छीन सकता है। इससे अंतरराष्ट्रीय स्पॉन्सरशिप पर असर पड़ेगा।

## वर्ल्ड कप न खेलने से बांग्लादेश को क्या-क्या नुकसान होगा?




वर्ल्ड कप न खेलने से बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से लेकर बांग्लादेश में बिजनेस को अच्छा-खासा नुकसान हो सकता है-

### पार्टिसिपेशन फीस नहीं मिलेगी, बोर्ड का घाटा

वर्ल्ड कप में खेलने वाली हर टीम को ICC पार्टिसिपेशन मनी देती है। वर्ल्ड कप 2024 में हर टीम को 2.5 लाख डॉलर मिले थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बार हर टीम को 3 लाख डॉलर यानी करीब 2.7 करोड़ रुपए मिलते। यह पैसा बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के खाते में जाता। अब उन्हें यह पैसे नहीं मिलेंगे।

इसके अलावा टूनामेंट में 5वें से 12वें पायदान पर रहने वाली टीम को 4.5 लाख डॉलर यानी करीब 4.1 करोड़ रुपए मिलते। वहीं टूनामेंट जीतने पर करीब 27.5 करोड़ रुपए और रनर-अप बनने पर करीब 14.7 करोड़ रुपए मिलते।

### मैच जीतने पर भी फीस मिलती है, इसका नुकसान

हर मैच में एक खिलाड़ी को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिलता है। इसके अलावा खिलाड़ियों को बेस्ट स्ट्राइक रेट, सबसे ज्यादा छक्के मारने, अच्छा कैच लेने के लिए भी अवॉर्ड मिलते हैं।

यह अवॉर्ड टूनामेंट के स्पॉनसर्स की तरफ से होते हैं, लेकिन यह भी बोर्ड के पास ही जाते हैं। अब BCB को यह पैसा भी नहीं मिलेगा।

### स्पॉन्सर और कॉमर्शियल लॉस

टेलिकॉम कंपनी रोबी एक्सिआटा लिमिटेड 2027 तक बांग्लादेश क्रिकेट की टीम मुख्य स्पॉन्सर है। उसने BCB को 50 करोड़ टका यानी करीब 37.5 करोड़ रुपए दिए हैं।

इसके अलावा बैवरेज कंपनी कोका-कोला, सिंगापुर की होटल और रिसॉर्ट चेन, इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर अमारा भी BCB को स्पॉन्सर करती है। वर्ल्ड कप एक इंटरनेशनल इवेंट है, जिससे इन कंपनियों को ग्लोबल एक्सपोजर मिलता है। इससे इनकी वैल्यू बढ़ती है।

अब BCB का वर्ल्ड कप बायकॉट करने के बाद इन कंपनियों का नुकसान होगा। यह अपनी स्पॉन्सरशिप घटा भी सकती हैं और रद्द भी कर सकती हैं।

इसके अलावा टीस्पोर्ट्स के पास बांग्लादेश के क्रिकेट मैचों के ब्रॉडकास्टिंग राइट है। अगर टीम मैच खेलती तो इसके चैनल पर मैच देखे जाते। बायकॉट से टीस्पोर्ट्स का भी नुकसान होगा।

**रैंकिंग पर असर-** टूनामेंट में बांग्लादेश को पहले ग्रुप स्टेज में चार मैच खेलने थे। इसके बाद अगर वो सुपर-8 के लिए क्वालिफाई कर लेता तो 3 मैच और खेलता। अब यह मैच नहीं खेलने से टीम की रैंकिंग में गिरावट आएगी।

■ वर्ष-12 अंक-82 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

नारीस्तनभरनाभीदेशम्, दृष्ट्वा मागा मोहावेशम्।
एतन्मान्सवसादिविकारम्, मनसि विचिन्तय वारं वारम्॥

**भावार्थ** : स्त्री शरीर पर मोहित होकर आसक्त मत हो। अपने मन में निरंतर स्मरण करो कि ये मांस-वसा आदि के विकार के अतिरिक्त कुछ और नहीं हैं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 23 जनवरी, 2026

मूढ़ जहीहि धनागमतृष्णाम्, कुरु सद्बुद्धिमं मनसि वितृष्णाम्।
यल्लभसे निजकमोर्पात्तम्, वित्तं तेन विनोदय चित्तं॥

**भावार्थ** : हे मोहित बुद्धि! धन एकत्र करने के लोभ को त्यागो। अपने मन से इन समस्त कामनाओं का त्याग करो। सत्यता के पथ का अनुसरण करो, अपने परिश्रम से जो धन प्राप्त हो उससे ही अपने मन को प्रसन्न रखो।


## सम्पादकीयम्

### जलसम्बद्धाः मृत्यु

इन्दौर : जलसम्बद्धाः मृत्यु-आकृतयः गुप्ताः नगरं स्वच्छतायाः श्रेणीषु निरन्तरं शीर्षस्थाने अस्ति शिकायतां कृत्वा अपि कोऽपि कार्यवाही न कृता इति स्थानीयनिवासिनः आरोपयन्ति। उच्चन्यायालयस्य हस्तक्षेपस्य अभावेऽपि मृत्योः आँकडानि गोपनस्य प्रयासाः अद्यापि प्रचलन्ति। एषा घटना देशे स्वच्छपेयजलस्य अभावं, उत्तमजलव्यवस्थापनस्य तात्कालिकं आवश्यकतां च प्रकाशयति। इन्दौरे दूषितजलस्य कारणेन मृत्योः नवीदिल्ली-स्वच्छताक्रमाङ्के निरन्तरं शीर्षस्थाने स्थिते इन्दौरनगरे दूषितपेयजलस्य कारणेन मृत्योः प्रमादस्य परिणामः अस्ति। जलस्य गुणवत्तायाः विषये बहुवारं शिकायतां कृत्वा अपि कोऽपि कार्यवाही न कृता इति स्थानीयनिवासिनः आरोपयन्ति। दुर्भाग्येन एतादृशस्य महत्त्वपूर्णस्य घटनायाः अनन्तरम् अपि न्यायालयेन हस्तक्षेपं कृत्वा स्वच्छपेयजलस्य व्यवस्थापनस्य आदेशः दातव्यः अस्ति। परस्परविरोधिनः आकृतयः। मध्यप्रदेश उच्चन्यायालये सुनवाईसमये नगरनिगमेन दाखिले स्थितिप्रतिवेदने दूषितपेयजलकारणात् केवलं चत्वारि मृत्योः सूचीकृता अस्ति, यदा तु मेयरः १० मृत्योः दावान् करोति, अन्ये स्रोताः च एतत् आकङ्क्षां १५ इति स्थापयन्ति, मृत्योः आँकडानां विषये वादविवादः सिद्धयति यत् अस्मात् घटनातः शिक्षितुं स्थाने अद्यापि तत् आच्छादयितुं प्रयत्नः क्रियते। दूषितपानजलस्य कारणेन एकः अपि मृत्युः लज्जाजनकः अस्ति, अत्र च २०० तः अधिकाः जनाः चिकित्सालये निक्षिप्ताः भवितुम् अभवन्।

**राजनैतिकसामाजिक-अवकाशाः अपि सन्ति**

## येन सा विशिष्टरहस्यात् पृथक भवति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

राजनैतिकसामाजिक-अवकाशाः अपि सन्ति, येन सा विशिष्टरहस्यात् पृथक भवति। अस्याः लघुश्रृङ्खलायाः अभिनयः अपि विशिष्टः अस्ति। लेडी ऐलीन् ब्रेण्ट् इत्यस्य रूपेण मिया मेकेना-ब्रूस् आत्मविश्वासस्य, लीलायाश्च सन्तुलितं प्रदर्शनं प्रदाति। एडवर्ड ब्लूमेलः जिम्मी थेसिगर इत्यस्य रूपेण कथायां ऊर्जां हास्यं च आनयति। लॉर्ड कैटरहम् इत्यस्य रूपेण इयान् ग्लेन्, तस्य पत्नी लेडी कैटरहम् इत्यस्य रूपेण हेलेना बोनहम् कार्ट च श्रृङ्खलायाः प्रभावं वर्धयन्ति।

तदतिरिक्तं पुलिस-अधिकारिणः रूपेण मार्टिन् फ्रीमैन्, गेरी वेड् इत्यस्य रूपेण कोरी मायलेक्रिस्ट्, अन्ये च सहायक-अभिनेतारः कथां सुदृढां कुर्वन्ति। प्रत्येकं पात्रं रहस्यं धारयति, प्रेक्षकान् अन्त्यपर्यन्तं मोहितं करोति। अगाथा क्रिस्टी इत्यस्याः विशेषता आसीत् यत् प्रत्येकं पात्रं शङ्कायाः मेघस्य अधः स्थापयितुं तस्याः क्षमता आसीत्, एषा श्रृङ्खला च तां परम्परां निरन्तरं करोति।

श्रृङ्खला उच्चगुणवत्तायुक्तं उत्पादनस्य अनुभवं प्रददाति। सेट् डिजाइन, प्रकाशः, सङ्गीतं च मिलित्वा युगस्य सजीवं चित्रं निर्माति। भवनस्य पिहितकक्ष्याः, लण्डन्-रात्रयः, गुप्तसमागमस्य वातावरणं च रहस्यं गभीरं करोति। पटलस्य लघुसंवादः, तीक्ष्णविवर्तनानि च प्रेक्षकान् नियोजयन्ति।

अगाथा क्रिस्टी इत्यस्याः उपन्यासानां आधारेण निर्मिताः निमार्णाः पूर्वं सफलाः अभवन्, परन्तु सेवेन् डायल्स् इत्यस्य एतत् नूतनं निमार्णं अद्वितीयं यतः एतत् पारम्परिकजासूसीकथाभिः सह आधुनिकपद्धतिं संयोजयति एषा कथा न केवलं पृच्छति यत् कः हत्यां कृतवान्, अपितु समाजस्य प्रत्येकस्मिन् स्तरे शक्तिः, लोभः, रहस्यं च कथं छायाम् पातयन्ति इति अपि दर्शयति

अस्याः श्रृङ्खलायाः ओटीटी-मञ्चे विमोचनेन सामाजिकमाध्यमेषु चर्चा उत्पन्ना अस्ति। रहस्यप्रशंसकाः अगाथा क्रिस्टी इत्यस्याः जगति एकं शक्तिशालीं मनोरञ्जकं च पुनरागमनं वदन्ति। बहवः दर्शकाः वदन्ति यत् एषा लघुश्रृङ्खला तेषां कृते अपि आकर्षकः अस्ति ये पूर्वं कदापि तस्याः कार्यं न पठितवन्तः।

समग्रतया सेवेन् डायल्स् रहस्यस्य, रोमाञ्चकस्य, इतिहासस्य च अद्वितीयः मिश्रणः अस्ति। एकेन हत्यायाः आरम्भेण कथा जासूसीकार्यस्य सामाजिकपरिवर्तनस्य च गहनं अन्वेषणं करोति। ओटीटी इत्यत्र एषा लघुश्रृङ्खला न केवलं अगाथा क्रिस्टी-प्रशंसकानां कृते अपितु बुद्धिमान् स्तरितानां च कथानां आनन्दं लभमाणानां दर्शकानां कृते अपि एकः अद्वितीयः अनुभवः अस्ति।

**अभिषेकः आरम्भादेव**

## आक्रामकं दृष्टिकोणं स्वीकुर्वति, प्रथमतः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

सः अवदत् यत् अभिषेकः आरम्भादेव आक्रामकं दृष्टिकोणं स्वीकुर्वति, प्रथमतः एव चतुःषट् वा प्रहारस्य अभिप्रायं दर्शयति च। पुजारा इत्यस्य मते अभिषेकस्य बृहत्तमं बलं दीर्घतायाः न्यायस्य क्षमता अस्ति, येन सः गेन्दबाजस्य उपरि निरन्तरं दबावं स्थापयितुं शक्नोति तथा च तस्य शॉट्-परिधिः विस्तृतः अस्ति अभिषेकशर्मा इत्यस्य कृते अपि एषा श्रृङ्खला महत्त्वपूर्णा इति मन्यते यतोहि भारतस्य इत्यस्य सज्जतायाः महत्त्वपूर्णः भागः अस्ति।दलप्रबन्धनं फरवरी-मार्च-मासेषु विश्वकपस्य पूर्वं युवानां क्रीडकानां प्रयोगे, संयोजनस्य अन्तिमरूपीकरणे च व्यस्तम् अस्ति। अस्मिन् क्रमे २५ वर्षीयः अभिषेकशर्मा स्वं सिद्धयितुं स्वर्णमवसरं प्राप्नोति।

अभिषेकशर्मा २०२४ तमस्य वर्षस्य जुलैमासे जिम्बाब्वे-विरुद्धं टी-२० अन्तर्राष्ट्रीय-क्रीडायाः पदार्पणं कृतवान्, ततः परं स्वस्य प्रदर्शनेन सर्वान् प्रभावितं कृतवान्। एतावता ३३ टी-२० अन्तर्राष्ट्रीयक्रीडासु सः १८८ तमस्य वर्षस्य विस्फोटकप्रहारदरेण ११९५ धावनाङ्कान् कृतवान्। तस्य नामधेयेन द्वौ शतकौ षट् अर्धशतकौ च सन्ति, येन सः न केवलं द्रुतगतिना ओपनर-क्रीडकः अपितु बृहत्-पारी-क्रीडायाः क्षमता अपि अस्ति इति दर्शयति बहुकालानन्तरं भारतीयक्रिकेट्-क्रीडायां एकः ओपनर-क्रीडकः दृष्टः यः पावरप्ले-क्रीडायाः पूर्णलाभं गृहीत्वा मेलनं गभीरं ग्रहीतुं शक्नोति। इदानीं भारत-न्यूजीलैण्ड्-टी-२० श्रृङ्खलायाः पूर्वं टीम इण्डिया इत्यस्य अपि किञ्चित् परिवर्तनं सम्मुखीकृतम् अस्ति। भारतीयः सर्वपक्षीयः वाशिङ्गटन सुन्दरः चोटकारणात् श्रृङ्खलातः बहिः अभवत्। भारते क्रिकेट्-नियन्त्रणमण्डलेन जनवरी-मासस्य १६ दिनाङ्के एतस्य पुष्टिः कृता।

## 61 हॉक फोर्स-कर्मचारिणः नक्सल-जनानाम् उन्मूलनार्थं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेशे नक्सलवादस्य विरुद्धं प्रमुखसफलतायाः अनन्तरं पुलिस मुख्यालयेन हॉक फोर्सस्य कर्मचारिणां पदोन्नतिः कृता अस्ति। नक्सली-सङ्घर्षेषु साहसिक-निर्णायक-भूमिकायाः कृते ६१ पुलिस-अधिकारिभ्यः क्रमात् बहिः पदोन्नतिं दातुं निर्णयः कृतः अस्ति। एतेषु षष्टिः अधिकारिणः शीघ्रमेव पदोन्नतिं प्राप्नुयुः, एकस्य अधिकारीणः पदोन्नतिलिफाफं मुद्रितम् अस्ति। पुलिस मुख्यालयस्य अनुसारं एते सर्वे जवानाः विशेषसशस्त्रसेनायाः बालाघाटजिल्लापुलिसबलस्य च सन्ति। प्रतिबन्धितमाओवादीसङ्गठनस्य जीआरबीविभागस्य मलाजखण्डदलमस्य चतुर्णां क्षेत्रसमितेः सदस्यानां मुठभेने मारयितुं एतेषां कर्मचारिणां सम्मानः क्रियते। हतानां नक्सलीनां मध्ये रीता उर्फ तुब्बी श्रीरङ्ग हिदामी (पतिः चण्डु उर्फ देवचन्दः), सुमनः, इमाला उर्फ तुलसी, रवि मदवी उर्फ बद्रेको च सन्ति।

## राशिफल

**मेष** : आज का दिन अपने आपको को पॉजिटिव करने का दिन है। अगर आप परेशान हैं, तो अपनी अचीवमेंट को याद करना चाहिए।

**वृषभ** : पर्सनल लाइफ में अच्छी खबर मिल सकती है। अपनी लवलाइफ में पुरानी बातों को सोचकर परेशान नहीं होना है।

**मिथुन** : आर्थिक रूप से, दीर्घकालिक गणनाओं में उलझने के बजाय इस समय अभी के काम की जरूरतों पर खास ध्यान देना चाहिए।

**कर्क** : केवल अपने सामने मौजूद कार्यों पर ध्यान दें। घर पर, अनावश्यक चिंताओं के बिना वर्तमान क्षण का आनंद लें।

**सिंह** : रिश्तों में, समझदारी के छोटे-छोटे पल आपके दिल को अच्छा फील कराएंगे। काम पर, आपका धैर्य समय के साथ फल देगा।

**कन्या** : आपने अभी तक सभी समस्याओं का समाधान नहीं किया है, लेकिन आप चीजों को संभालने में अधिक सहज हो रहे हैं।

**तुला** : आपको हर काम को तुरंत निपटाने या हर समस्या का एक साथ समाधान करने की जरूरत नहीं है।

**वृश्चिक** : भावनात्मक बदलाव धीरे-धीरे हो रहे हैं, जिससे समस्या बनी रहने पर भी आपको आराम महसूस होगा।

**धनु** : आर्थिक रूप से, आप जल्दबाजी किए बिना अपने लक्ष्य की ओर काम कर सकते हैं। लेने दोनों की जल्दी नहीं करनी है।

**मकर** : दूसरों की अपेक्षाओं के बजाय अपनी कार्यों पर प्राथमिकता दें, काम की लिस्ट बना लें, कि क्या काम पहले करना है।

**कुंभ** : सरल रहें, काम पर, वही चुनें जो सार्थक लगे। आपके पर्सनल लाइफ में, भावनात्मक उलझनें आ सकती हैं।

**मीन** : पुरानी बातों को भूलकर वर्तमान पर ध्यान केंद्रित करें। आज की छोटी-छोटी चीजों का शांत रहकर आनंद लें।

**ज्योतिष/वास्तु**

# फरवरी में त्रिग्रही योग बनने से इन राशियों का चमक उठेगा भाग्य, अचानक धनलाभ के योग

साल 2026 का दूसरा महीना फरवरी भी ज्योतिष शास्त्र के नजरिए से बहुत ही खास रहने वाला होगा। फरवरी माह में भी कई ग्रहों का राशि परिवर्तन होगा जिस कारण से कई तरह के शुभ राजयोगों का निर्माण देखने को मिलेगा। फरवरी माह में शनि की राशि कुंभ में त्रिग्रही योग बनेगा, जिससे कुछ राशि वालों की किस्मत में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। यह त्रिग्रही योग कुंभ राशि में बुध, सूर्य और शुक्र के संयोग से बनेगा। इससे कुछ राशि वालों के भाग्य में वृद्धि, धन-संपत्ति में अपार वृद्धि और मान-सम्मान में इजाफा देखने को मिलेगा। आइए जानते हैं। फरवरी माह में बनने वाला राजयोग किन राशियों के लिए भाग्यशाली रहेगा।



**कुंभ राशि–** कुंभ राशि वालों के लिए फरवरी माह में बना राजयोग बहुत ही लाभकारी साबित होगा। यह त्रिग्रही योग आपके लग्न भाव में बनेगा जिसे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि के योग है। मान-सम्मान में इजाफा और पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। प्रेम जीवन में मधुरता और रोमांस रहेगा। किसी तरह का काम पार्टनरशिप में करना चाह रहे हैं उनको फायदा होगा।

**मेष राशि–** फरवरी माह में बना त्रिग्रही योग बहुत ही शुभ फलदायी साबित होगा। यह योग आपकी राशि से आय और लाभ के स्थान से पर बनेगा। आय में जबरदस्त वृद्धि के योग होंगे। आय के नए-नए स्त्रोतों में इजाफा देखने को मिलेगा। करियर में तरक्की के नए-नए अवसरों की प्राप्ति होगी। जीवन में चली आ रही परेशानियों से निजात मिलेगी। शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है।

**मिथुन राशि–** फरवरी माह में त्रिग्रही योग मिथुन राशि वालों के लिए बहुत ही शुभ साबित होगा। यह योग आपकी राशि से नवम भाव में बनेगा जिससे आपकी किस्मत में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। जो लोग नई नौकरी की तलाश में हैं या फिर नया व्यापार शुरू करना चाह रहे हैं उनके लिए दिन बहुत ही शुभ साबित होगा। देश-विदेश की यात्रा के योग बन रहे हैं जिससे आपको अच्छा लाभ होगा।

## खबर एक नजर...

### झोले में छुपाकर 2 युवक ला रहे थे अवैध शराब

**उज्जैन।** इंदौर-नागदा बायपास मार्ग से बाइक पर आ रहे 2 युवकों के पास अवैध शराब होने की सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस ने सांवराखेड़ी मार्ग पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी की। 2 युवक बाइक पर झोले लेकर आते दिखाई दिये। पुलिस टीम दोनों को रोकने का प्रयास किया, उन्होने भागने की कोशिश की, लेकिन पहले से मुस्तैदी पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। उनके झोलों की तलाशी ली गई तो उसमें देशी शराब के 350 क्वार्टर भरे होना सामने आये। अवैध शराब का परिवहन होने की पुष्टि के चलते दोनों को थाने लाया गया, जहां पूछताछ में उनके नाम रितिक उर्फ भूरा पिता विनोद परमार 21 साल निवासी जयसिंहपुरा और हिमांशु पिता राजेश धानक 19 साल निवासी ध्रुवनगर होना सामने आये। प्रधान आरक्षक भंवरलाल यादव ने बताया कि दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट अधिनियम की धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया है। उनके पास से बरामद शराब 31 हजार 500 रुपए सामने आई है। पूर्व में दोनों अवैध शराब के कारोबार में शामिल होना सामने आये है। गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से जेल भेजा गया है।

### ग्रिल तोड़ बालगृह से भागे बालकों का नहीं मिला सुराग

**उज्जैन।** लालपुर बालगृह से 3 दिन पहले बाथरूम की ग्रिल तोड़कर तड़के 5 बजे भागे 2 बालकों का गुरूवार शाम तक सुराग नहीं मिल पाया। थाना प्रभारी कमल निगवाल ने बताया कि एक बालक गजियाबाद का रहने वाला है, दूसरा पुरानी दिल्ली का निवासी है। उनके परिजनों से संपर्क किया जा रहा है। उनकी तलाश में बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी देखे गये है। लेकिन दोनों का कुछ पता नहीं चल पाया है। अब तकनीकी साक्ष्यों से उनकी तलाश के प्रयास शुरू किये गये है। सभी रेलवे स्टेशनों की जीआरपी और आरपीएफ थाना पुलिस को भी सूचना भेजी गई है। बालगृह से बालकों के भागने का यह पहला मामला नहीं है, पूर्व में भी कई बार बालक भाग चुके है। जो कुछ महिनों बाद उनके घरों पर ही मिलना सामने आये है। उक्त दोनों बालकों के संबंध में भी आशंका जताई जा रही है कि वह भागकर घर ही पहुंचेगें।

### शिविर में 178 बस चालकों की जांची गई दृष्टि क्षमता

**उज्जैन।** सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा माह में यातायात पुलिस अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के प्रयास किये जा रहे और वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। गुरूवार नागरिकों के जीवन की रक्षा का प्राथमिकता देते हुए एएसजी नेत्र अस्पताल के सहयोग से निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया और बस चालकों की दृष्टि क्षमता को जांचा। डीएसपी दिलीपसिंह परिहार ने बताया कि शिविर में 178 बस चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया। इस दौरान 33 चालकों की दूर दृष्टि में समस्या होना सामने आई। जिन्हे तत्काल उपचार और आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। डीएसपी परिहार के अनुसार शिविर का आयोजन एएसपी आलोक शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया था। जिसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि यात्री परिवहन से जुड़े वाहन चालकों की दृष्टि क्षमता सुरक्षित रहे, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके तथा यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 790-6 | 124-5 |
| मेन बाजार | 155-1 | 499-2 |
| मिलन डे | 390-2 | 234-9 |
| मिलन नाइट | 135-9 | 789 -4 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | 9 | 0 |

### तराना में मामूली बात पर हुए विवाद ने लिया उग्र रूप

# पत्थर-लाठियों से फोड़ी बसे, दुकानों में तोड़फोड़

## बजरंग दल सदस्य घायल, थाने का घेराव, 6 पर नामजद प्रकरण दर्ज








ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। तराना में गुरूवार शाम 2 समुदाय के युवकों में मामूली बात पर हुए विवाद ने उग्र रूप ले लिया। कुछ देर में मामला हिंसक हो गया। बसों पर लाठी-पत्थर बरसाये गये। दुकानों में तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने तत्काल स्थिति को नियंत्रण में लिया और 6 लोगों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज किया।

तराना की शुक्ला गली में रहने वाला सोहिल पिता सोनू ठाकुर बजरंग दल सदस्य है। शाम 7.30 बजे के लगभग पर मंदिर के पास खड़ा था, उसी दौरन इशान मिर्जा ने कहा कि यहां क्यों खड़ा है। इसी बात पर दोनों के बीच तनातनी हो गई। इशान के भाई सपान मिर्जा, शादाब उर्फ हैडली, सलमान मिर्जा, रिजवान मिर्जा और साथी नावेद अन्य साथियों के साथ आ गये। उन्होने सोहिल ठाकुर पर हमला कर दिया। जैसे ही सोहिल के घायल होने की खबर साथियों को लगी, मामले ने तूल पकड़ लिया। एक पक्ष लाठी, पत्थर लेकर निकला और बस स्टेंड क्षेत्र में खड़ी बसों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। दुकानों में भी तोड़फोड़ की गई। तनाव की स्थिति बनते ही पुलिस ने मोर्चा संभाला, उज्जैन से भी फोर्स रवाना किया गया, एएसपी गुरूप्रसाद पाराशर भी तराना पहुंच गये थे। एसडीओपी भविष्य भास्कर पुलिस टीम के साथ स्थिति को नियंत्रण में करने के लिये मैदान में आ गये। कुछ देर में हिंसक मामला शांत कराया लिया गया। वहीं बजरंग दल और सर्व हिन्दू समाज के सदस्य तराना थाने पर एकत्रित हो गये। हमला करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई। तराना थाना पुलिस के अनुसार सोहिल ठाकुर की शिकायत पर मामले में सपान, इशान, शादाब, सलमान, रिजवान और नावेद सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि तोड़फोड़ में 11 से अधिक बस के कांच फोड़े गये है। कुछ दुकानों को भी क्षतिग्रस्त किया गया और मारपीट हुई। तनाव की स्थिति बनती देख तराना में बाजार पूरी तरह से बंद हो गया था। हर तरफ पुलिस गश्त के साथ निगरानी रख रही थी।



### घायल को सिर में चोंट उज्जैन रैफर

तराना थाना पुलिस के अनुसार सोहिल ठाकुर को सिर में चोंट लगी थी, उन्हे अस्पताल भेजा गया, जहां से उज्जैन रैफर किया गया है। साथी चरक अस्पताल लेकर पहुचे थे। डॉक्टरों ने सिर में लगी चोंट देख तत्काल ऑपरेशन थियेटर में भेजा। फिलहाल सोहिल का उपचार चल रहा है। तराना में तनाव की खबर और कुछ लोगों के घायल होने की खबर से चरक अस्पताल में भी अलर्ट जारी कर दिया गया था। डॉक्टर और स्टॉफ तत्काल ड्युटी पर पहुंच गये थे। देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पाराशर और पुलिस टीम भी अस्पताल में दिखाई दी।

### इनका कहना

तराना में 2 पक्षों के बीच तत्कालीन विवाद हुआ था। स्थिति को देखते हुए उज्जैन से फोर्स रवाना किया गया है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। 6 लोगों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज किया गया है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

**प्रदीप शर्मा, एसपी**

# कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण पर हुई समीक्षा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पुलिस कप्तान ने गुरूवार को पुलिस कंट्रोलरूम पर कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर जिले के सभी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान अब तक नववर्ष में दर्ज अपराधिक मामलों और गत वर्ष के पेडिंग अपराधों का निराकरण भी जल्द करने के निर्देश दिये गये।

पुलिस कंट्रोलरूम पर आयोजित समीक्षा बैठक में जिले के सभी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक, उपपुलिस अधीक्षक, एसडीओपी और थाना प्रभारी उपस्थित हुए थे। कप्तान प्रदीप शर्मा ने जिले में अपराधों पर नियंत्रण और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिये प्रभावी कार्रवाई के निर्देश सभी को दिये। जिले में घटित अपराधों, लंबित मामलों, गंभीर एवं संवेदनशील प्रकरणों, महिला अपराधों, साइबर अपराधों के साथ कानून-व्यवस्था से जुड़े विषयों की समीक्षा की गई। सभी थाना प्रभारियों से उनके क्षेत्र में दर्ज मामलों की विस्तारपूर्वक जानकारी लेकर त्वरित कार्रवाई के लिये आदेशित किया। रात्रि गश्त सतत बनाये रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी के साथ आगामी समय में शांति, सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखने की बात कहीं। समीक्षा के दौरान जनसुनवाई को प्रभावी बनाने, आम नागरिकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। कप्तान ने कहा कि उज्जैन पुलिस जनसुरक्षा, कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इस दिशा में निरंतर समीक्षा एवं आवश्यक कार्रवाई की जाती रहेगी। कप्तान नववर्ष में तीसरी बार अपराधों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित कर चुके है।

### पंवासा पुलिस ने पकड़ा, देवासगेट ने लिया रिमांड

# शराब के साथ गिरफ्त में आया जानलेवा हमले में फरार बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



जानलेवा हमले में 5 माह से फरार इनामी बदमाश बुधवार-गुरूवार रात जहरीली शराब के साथ पंवासा थाना पुलिस की गिरफ्त में आया गया। बदमाश के गिरफ्त में आने की खबर मिलने पर देवासगेट थाना पुलिस ने बदमाश को एक दिन की रिमांड पर पूछताछ के लिये लिया है।

पंवासा थाना एएसआई संतोष राव ने बताया कि बुधवार-गुरूवार रात 11.30 बजे के लगभग खबर मिली थी कि नौलखी बीड़ के सामने ग्राम जैवंतपुरखेड़ा में एक व्यक्ति खड़ा है। जिसके पास प्लास्टिक की केन में कच्ची शराब है, वह बेचने की फिराक में है। खबर सामने आने पर तत्काल प्रधान आरक्षक विनोद ठाकुर, आरक्षक अमरनाथ, पंकज पाटीदार और सैनिक गोवर्धन के साथ बीड़ के आसपास घेराबंदी की गई। टीम द्वारा प्लास्टिक की केन लेकर आता दिखाई दिया। जिस पर छुपकर नजर रखी गई और करीब आते ही पकड़ा गया। उसके पास से केन जप्त की गई, जिसमें हाथ भट्टी पर बनी 5 लीटर कच्ची जहरीली शराब बरामद हो गई। पूछताछ करने पर नाम राकेश उर्फ जटा पिता पवन प्रजापत 25 साल निवासी ग्राम नवाखेड़ा इंदौररोड थाना नानाखेड़ा सामने आया। मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) का अपराध कायम कर अपराधिक रिकार्ड खंगाला गया। जिसके चलते पता चला कि आरोपी बदमाश प्रवृति का है और जानलेवा हमले के मामले में देवासगेट थाना क्षेत्र से फरार चल रहा है। उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम भी है। उसे गुरूवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से पूछताछ के लिये देवासगेट थाना पुलिस ने एक दिन की रिमांड पर लिया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com